# समवेत शिखर

35 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-35 अंक-354 | रायपुर, रविवार 11 मई 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com




# भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत

## सीधे बातचीत के बाद एक-दूसरे के खिलाफ गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति

### दोनों देशों के सैन्य अधिकारी स्थिति की समीक्षा के लिए 12 मई को दोपहर 12 बजे चर्चा करेंगे

**नई दिल्ली (ए)।** भारत और पाकिस्तान ने सीधी बातचीत के बाद एक-दूसरे के खिलाफ गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के सैन्य अधिकारी स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार यानी 12 मई को दोपहर 12 बजे फिर से बात करेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार शाम विशेष ब्रीफिंग में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने शनिवार दोपहर बाद अपने भारतीय समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत की शुरूआत की। उसके बाद हुई चर्चा में दोनों पक्ष शाम 5 बजे से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने अपने भारतीय समकक्ष के साथ दिन में दोपहर 3.35 बजे पर बातचीत की थी। दोनों पक्ष भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र सभी क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमत हुए हैं। इस संबंध में दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों को इस पर अमल के आदेश जारी कर दिए हैं।

**अमेरिकी विदेश मंत्री और उप-राष्ट्रपति ने मोदी से बातचीत की :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैं खुद पिछले 48 घंटों से भारत-पाकिस्तान के अफसरों के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, पीएम शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पाकिस्तान और भारत की सरकार तुरंत सीजफायर के लिए राजी हो गई हैं। हम मोदी और शहबाज शरीफ की तारीफ करते हैं कि उन्होंने बुद्धिमत्ता से शांति का रास्ता चुना।

**पाकिस्तान शांति के लिए कोशिश करता रहा है: पाक विदेश मंत्री :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।



### सिंधु जल समझौता समेत अन्य प्रतिबंध लागू रहेंगे : भारत

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई बंद करने को लेकर बनी सहमति पर भारत ने स्पष्ट किया है कि यह सहमति केवल सैन्य कार्रवाई तक सीमित है और भारत की ओर से पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि पर रोक सहित सभी प्रतिबंध यथावत जारी रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए कोई शर्त नहीं लगायी गयी है और यह सहमति बिना किसी पूर्व या बाद की शर्तों के हुई है। सूत्रों ने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी और अन्य पाबंदियां भी लागू रहेंगी।

## हमारी सेनाएं पूरी तरह तैयार, फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे: रक्षा मंत्रालय



### सीजफायर के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे।

रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है। हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत की सेना उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी झलक है। हमने उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया। उनके मिलिट्री सिस्टम का हमने नुकसान किया। इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए तैयार है। इसके अलावा पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को बेकार कर दिया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टालेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर्स और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की ऑफेंसिव और डिफेंसिव कैपेबिलिटी को नष्ट कर दिया गया। फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। कमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी मिलिट्री ऑपरेशन रोकने की सहमति पर पहुंच गए हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। कमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क हैं। पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत का ताकत से जवाब दिया जा चुका है, आगे भी तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो उन्हें निर्णायक जवाब दिया जाएगा।



## भारत पर हुआ हर आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा, सेना जवाब भी उसी तरह देगी

### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम से पहले सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भविष्य में भारत पर होने वाला हर आतंकी हमला युद्ध का कारण (एक्ट ऑफ वॉर ) या युद्ध की शुरुआत माना जाएगा। सरकार के टॉप सोर्स के हवाले से न्यूज एजेंसी ने कहा है कि सरकार इसका जवाब भी उसी अंदाज में देगी। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष पर सीजफायर से पहले लिया गया।

इससे पहले शनिवार को ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और भारतीय सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। 24 घंटे में सेना प्रमुखों के साथ यह उनकी दूसरी मीटिंग थी।

**एक्ट ऑफ वॉर कैसे निर्धारित करती है सरकार :** भारत में एक्ट ऑफ वॉर कोई एक कानून नहीं है, बल्कि इस पर फैसला कई कानूनों (संविधान, भारतीय न्याय संहिता), रक्षा कानून, अंतरराष्ट्रीय समझौते के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार ही तय करती है कि कौन सी कार्रवाई एक्ट ऑफ वॉर है। आम तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले को एक्ट ऑफ वॉर माना जाता है।

**एक्ट ऑफ वार क्या होता है :** एक्ट ऑफ वार दो प्रकार के होते हैं। पहला जब कोई देश किसी दूसरे देश के खिलाफ सैनिक, ड्रोन, मिसाइल, हवाई हमला, साइबर अटैक या नौसेना से घेराबंदी करता है। दूसरा जब किसी देश की संप्रभुता या नागरिकों की सुरक्षा खतरे में होती है या जब किसी गतिविधि या कार्रवाई का मकसद युद्ध की शुरुआत या युद्ध को उकसाना होता है।

### आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : जयशंकर



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। डॉ. जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरूद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनायी। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी सख्त और अडिग नीति पर कायम है, और आगे भी रहेगा।

### सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की



सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की। शनिवार शाम 5.30 बजे यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूएसए की मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।

### पाकिस्तान ने सीजफायर समझौता तोड़ा, पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दिया : विदेश सचिव

**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान के सीजफायर तोड़ने पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटे से सीजफायर समझौते का पाकिस्तान की ओर से उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और अतिक्रमण से निपट रही है। ये अतिक्रमण बेहद निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इस अतिक्रमण के रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करे। सेना ने इस स्थिति कड़ी नजर रखी हुई है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं।दोनों देशों के बीच सीजफायर 5 बजे हुआ था। इसके तीन घंटे बाद करीब 8 बजे पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात में शैलिंग और ड्रोन अटैक किया।

**फर्स्ट कालम**

### पाकिस्तान से सटे जिलों में खेती किसानी की समीक्षा की शिवराज ने

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों के सीमावर्ती जिलों के किसानों की खेती एवं उनके लिए उपलब्ध खाद- बीज और अन्य संसाधनों के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने इन जिलों के किसानों के कृषि संबंधी कार्यों की समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी की परिस्थितियों में कई किसान भाइयों को सुरक्षा के कारणों से, उनकी खेती से दूर रखा गया है।

### संभल हिंसा में कथित रूप से संलिप्त तीन युवकों को जमानत मिली

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 24 नवंबर, 2024 को संभल में हुई हिंसा में कथित तौर पर संलिप्त रहे तीन युवकों- फैजान, शाने आलम और मोहम्मद रिहान को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति डॉक्टर गौतम चौधरी ने बृहस्पतिवार को इन युवकों की जमानत मंजूर की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि संभल घटना के संबंध में 700-800 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि जब वे पथराव कर रहे थे, अचानक एक व्यक्ति ने गोली चला दी जिससे एक पुलिसकर्मी के पैर में गोली लगी। उन्होंने यह दलील भी दी कि याचिकाकर्ता पूरी तरह से निर्दोष हैं और मौजूदा मामले में इन्हें झूठा फंसाया गया है। घटना में इनकी कोई विशेष भूमिका नहीं है। साथ ही गोली व्यक्ति के पैर में लगी जिससे उसकी जान को खतरा नहीं हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकी सरगना ढेर




**नई दिल्ली (ए)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गये। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गये हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गये आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाकिस्तानी सेना एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज में शामिल हुए।

इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था।

मारे गये तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। यह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। इस आतंकवादी की कंधार विमान अपहरण मामले में भी तलाश थी।

हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था।

### पाकिस्तानी गोलीबारी में हिमाचल का जवान शहीद राजौरी में तैनात थे सूबेदार मेजर



**कांगड़ा।** पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ था। तीन दिन से पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमले किए जा रहे थे। जम्मू के राजौरी में शुक्रवार की रात पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में हिमाचल प्रदेश का जवान शहीद हो गया। जानकारी के अनुसार, हिमाचल के कांगड़ा के शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार जम्मू- कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। शनिवार की सुबह 7 बजे पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की जा रही थी। इसके जवाब में सूबेदार मेजर पवन कुमार ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की। इसी कार्रवाई में पवन कुमार घायल हो गए। इसके बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सेना की ओर से परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने इसकी पुष्टि की है।

## 16 साल बाद जल्दी आएगा मानसून, 27 मई को केरल पहुंचेगा, सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना



**नई दिल्ली (ए)।** मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

आईएमडी ने बताया कि 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। अर्थ एंड साइंस मिनिस्ट्री के सेक्रेटरी एम रविचंद्रन ने कहा- जून से सितंबर के दौरान सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। 4 महीने के दौरान 87सीएम के औसत से 105 फीसदी बारिश हो सकती है। आमतौर पर 96 से 104 फीसदी बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 फीसदी से कम बारिश को सामान्य से बहुत कम, 90 से 95 फीसदी के बीच सामान्य से कम, 104 से 110 फीसदी के बीच सामान्य से ज्यादा और 110 फीसदी से ज्यादा बारिश बहुत ज्यादा माना जाता है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान देश भर में होने वाली कुल वर्षा और शुरुआत की तारीख के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

**सुरक्षा** » पाकिस्तानी हरकतों पर हर पल इसरो के सैटेलाइट की नजर

## आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही

**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की।

इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्डों की सटीक पहचान करने, हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों , हथियारों व टुकड़ियों के मूवमेंट, राडार स्टेशनों की जानकारी दे रहा है।साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट संवेदनशील व खुफिया जानकारी मिल रही है। इसरो के 7 सर्विलांस उपग्रह से सेनाओं को




सटीक इनपुट मिल रहा है। कार्टोसेट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, सैन्य ठिकानों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं।

### सैटेलाइट की खूबियां

आरआईसैट-2बी (राडार इमेजिंग सैटेलाइट)= इससे बादल घिरे होने, रात के अंधेरे और धूलभरे मौसम में भी निगरानी संभव है, क्योंकि इसमें सिंथेटिक अपर्चर राडार आधारित निगरानी हो पाती है। भारतीय तटों से लगे इलाके में समुद्र में घुसने वाले किसी भी अवांछित जहाज को ट्रैक करने की क्षमता वाला सैटेलाइट, नौसेना के लिए उपलब्ध। सिंथेटिक अपर्चर राडार आधारित सैटेलाइट है। पाकिस्तान के छिपे हुए मूवमेंट की जानकारियों का पता चल सका और लक्ष्यों की पुष्टि हो सकी। महज 35 सेमी की दूरी पर स्थित दो ऑब्जेक्ट को पहचान लेने की क्षमता वाला खुफिया सैटेलाइट। इंडिया रिमोट सेंसिंग प्रोग्राम का हिस्सा। थर्मल इमेजिंग की क्षमता वाला सैटेलाइट। 25 सेमी की वस्तु की हाई रिजॉल्यूशन इमेज लेने वाले पैनक्रोमैटिक कैमरे से लैस।

## पाकिस्तान में मुनीर के फैसलों पर कमांडर सवाल उठा रहे

### अपने बचाव में पोस्टर लगवा रहे सेनाध्यक्ष, जनरल पर परिवार को फायदा पहुंचाने के आरोप



**इस्लामाबाद (ए)।** भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान अब अपने ही घर में सेना, संसद और राजनीतिक मोर्चे पर घिर गया है। पाकिस्तान में सबसे बड़ा संकट उसकी ही फौज के भीतर पल रहा है।

सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व को लेकर कोर कमांडरों में असंतोष इतना गहरा है कि उन्होंने खुले तौर पर फैसलों पर सवाल खड़े किए हैं। कोर कमांडरो में यह भावना गहराती जा रही है कि मुनीर की नीतियों ने न सिर्फ सेना की साख गिराई है, बल्कि पाक को बार-बार संकट में डाला है। वे मौजूदा स्थिति के लिए मुनीर को ही जिम्मेदार मानते हैं।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों संग किया बोरसी में नारायणा ई-टेक्नो का शुभारंभ



**दुर्ग।** समर कैंप का उद्घाटन एक भव्य सफलता रही, जिसमें खुशी, उत्साह और जीवंत ऊर्जा की झलक दिखी। यह हमारे नारायणा बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। दुर्ग छत्तीसगढ़ में 2025-26 में नारायणा ई-टेक्नो बोरसी का सभापति श्याम शर्मा ने पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, साजन जोसफ ,ज्ञानदास बंजारे के साथ तीन सेगमेंट्स के साथ हुआ भव्य शुभारंभ। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक अनोखे स्वागत के साथ किया गया। जहां बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित पौधे भेंट किए गए, जो विकास और देखभाल का प्रतीक थे। इस समर कैंप के माध्यम से हम हर बच्चे के समग्र विकास को समर्पित हैं। हमारी मूल आस्था से प्रेरित होकर, हम अपने इस मूलमंत्र अडिग हैं,आपके सपने, हमारे सपने हैं। क्या आप इसे किसी विशेष फॉर्मेट में चाहते हैं, जैसे बुलेट पॉइंट या पोस्टर स्टाइल। शुभारंभ के अवसर पर अन्य मौजूद रहे।

### अकुला मीना उर्फ करी उर्फ सुनीता मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार



**भिलाईनगर।** मुखबिर सूचना मिली कि होण्डा शोरूम के पीछे एवेन्यु रोड पावर हाऊस भिलाई के पास एक महिला नीले रंग का एक्टीवा क्रं. GC07 CH 2876 में गांजा रखकर बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। इस सूचना पर उक्त स्थान पर पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर दबिश देकर महिला को पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम अकुला मीना उर्फकर्री उर्फसुनीता कैनाल रोड परसुराम चौक के पास छावनी में रहना बतायी।जिसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1.200 कि.ग्रा. कीमती लगभग 10,000रूपये एवं एक नीले रंग का एक्टीवा क्रं. त्तष्ट07 ष्ट॥ 2876 कीमती करीबन 50,000 रूपये जुमला कीमती 60,000 रूपयेविधिवत बरामद किया गया । आरोपिया के विरुद्ध थाना छावनी में अपराध क्रं. 207/25 धारा 20 ( बी ) एनडीपीएस एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवी मोनिका पाण्डेय, थाना प्रभारी छावनी, सउनि विनय कुमार रजक, प्रधान आरक्षक उमेश गंगराले, आरक्षक नितिन सिंह, तालेन्द्र चन्द्राकर की भूमिका उल्लेखनीय रही ।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए 12 और 13 मई को आरटीओ ऑफिस कवर्धा सहित पंडरिया और रेंगाखार कला में होगा शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** जिले में 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहक वाहन, बस एवं स्कूल बसों दृ पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस क्रम में जिले में 12 और 13 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला परिवहन कार्यालय कवर्धा, राणीसती फोटो एवं परिवहन सुविधा केंद्र, लोरमी रोड, पंडरिया तथा निपूर्णा परिवहन सुविधा केंद्र, रेंगाखार कला में लगाए जाएंगे। शिविर में आवेदन करने वालों के नंबर प्लेट की फिटिंग कवर्धा आरटीओ कार्यालय में 14 व 15 मई को, पंडरिया के आवेदनों की ललित मोटर्स हीरो शोरूम पंडरिया में तथा रेंगाखार कला के आवेदनों की फिटिंग तीन दिन बाद शिविर स्थल पर ही की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए वाहन का आरसी और आधार की प्रति तथा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है ।साथ ही आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क 2 पहिया वाहन के लिए 366 रुपया , 3 पहिया वाहन के लिए 427 रुपया, 4 पहिया वाहन के लिए 656 रुपया तथा भारी यान के लिए 706 रुपया देना होगा तथा सीएससी/पीएसके फॉर्म भरने का 50 रुपये शुल्क अलग से देय होगा।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं : विधायक गजेन्द्र यादव

### निगम क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने ली समीक्षा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023-24 और 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज समीक्षा बैठक लेकर सभी काम को समय पर पूरा करने निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजिनियरों के साथ आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई।

मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियो को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। बैठक में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर बारिश पूर्व काम पूर्ण करने कहा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के घोषणा और विधायक निधि के प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यो की वस्तु स्थिति की जानकारी लिए। समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लिए। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात् प्रारंभ हो चुके कार्यों में तेजी लाने और जल्द पूर्ण करने कहा ताकि जनता को सौगात मिल सके। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों के प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगे और बिंदुवार संबंधित अधिकारी और इंजिनियर से चर्चा कर कार्य पूर्ण करने कहा। शहरके प्रमुख इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग के डीपीआर को शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। विधायक श्री यादव ने शासन से स्वीकृत भवन निमार्ण, जॉगिंग ट्रेक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से लिए। निगम के सभी इंजीनियरों से चल रहे निर्माण कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करने और निर्माणी एजेंसी व ठेकेदार से संपर्क बनाए रखते हुए गुणवत्तापूर्ण व तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्र में राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द तैयार करने कहा ताकि शासन से शहर की जनता की सहुलियत बढ़ाने उन कार्यो को भी स्वीकृति दिलाई जा सके।

#### प्रमुख तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

विधायक गजेन्द्र ने समीक्षा बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा अंतर्गत सभी प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण और उद्यानो के विस्तार करने प्रस्ताव तैयार करने कहा ताकी तालाब में आम नागरिक निस्तारी कर सके। इंदिरा मार्केट के सब्जी मंडी में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर इंजिनियरो से चर्चा उन्होंने जलभराव के तकनीकी समस्या को बारिश पूर्व कार्य करने निर्देश दिए। इसके अलावा डीएमएफफंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य में आने वाली रुकावट का निदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने कहा बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सभी सदस्य, इंजीनियर और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### नये कॉलोनी में पाइप लाइन बिछाने सर्वे होगा

महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और निगम आयुक्त की टीम के साथ समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने नये बसाहट वाले कॉलोनी और छूटे हुए एरिया में पेयजल पाइपलाइन बिछाने को लेकर जानकारी मांगे सर्वे कर विस्तार करने कहा। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, चंद्रशेखर चंद्राकर, शिव नायक, कांशीराम कोसरे, ईई मोहनपुरी गोस्वामी, ईई दिनेश नेताम, ईई आरके जैन, ईई गिरीश दीवान, सहायक एवं उप अभियंता, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुशासन त्योहार में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार वितरण किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिक आवेदन किए गए थे, उसका निराकरण किया गया। निराकृत आवेदन के बारे में संबंधित आवेदकों को बताया गया। उनके द्वारा दी गई शिकायत का जो निराकरण किया गया ओर मांग के अनुसार उसका समाधान किया गया।

9 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया ।इसके साथ ही आठ कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे। गर्भवती महिलाओं को बराबर आहार मिले। जिससे मां स्वस्थ रहे, आने वाले बच्चे भी स्वस्थ रहें। नेहरू नगर जोन में कुल 15 वार्डों में से 751 मांग 546 प्राप्त हुई थी। जिसमें से 522 का निराकरण कर दिया गया। शिकायत 205 मिले थे उसमें से 189 का निराकरण कर दिया गया है। शेष का प्राक्कलन बनाकर के प्रक्रिया में ला दिया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं संबंधित शिकायतों का जो निराकरण हुआ है उसका औचक निरीक्षण जोन आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी को लेकर कर रहे हैं। संबंधित शिकायतकर्ता से जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं, कि उनके समस्या का निराकरण हुआ कि नहीं, उन्हें कोई शिकायत तो नहीं है। शिविर के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी आदि अपने दल के साथ उपस्थित रहे। आगामी सुशासन तिहार समाधान शिविर जोन क्रमांक 2 शिविर स्थल 13.05.2025 दिन मंगलवार को नव निर्मित लोकांगन परिसर वैशाली नगर में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 14 शांति नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, वार्ड 16 सुपेला, वार्ड 19 राजीव नगर, वार्ड 20 वैशाली नगर, वार्ड 27 शास्त्री नगर, वार्ड 28 प्रेमनगर, वार्ड 29 वृंदानगर है। नागरिक शिविर स्थल पर निर्धारित तिथि एवं समय पर जाकर अपने मांग एवं शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन आयुक्त येशा लहरे, प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता श्वेता वर्मा एवं उपअभियंता अर्पित बंजारे होगें।17.05.2025 दिन शनिवार को हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में लगाया जायेगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड 21 कैलाश नगर, वार्ड 22 कुरूद बस्ती, वार्ड 23 घासीदास नगर, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 25 जवाहर नगर है। इसके प्रभारी अधिकारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को कार्य सौंपा गया है। जिसका समय सुबह 10:00 से शाम 5:00 तक होगा।

## भिलाई तीन में नेशनल लोक अदालत व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### जज ने भी स्वास्थ्य की जांच कराई

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में आए हुए विभिन्न न्यायालय प्रकरणों के हितग्राहियों की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के में जांच कर दवा दी गई।

व्यवहार न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी अभिनव डहरिया ने स्वयं अपना रक्त चाप जांच कराया। आए हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने ओर जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने अपनी बात रखी। बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि 38 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 16 लोगों को उच्च रक्तचाप, 18 लोगों को डाइबिटीज से पीड़ित होने पर प्रारंभिक स्वास्थ्य शिक्षा योग, पोष्टिक आहार भोजन में शामिल करने ओर प्रतिदिन पैदल चलने जैसी सलाह दी गई है। 14 मरीज पहले से ही बी पी ओर शुगर कघ दवा खाते थे। उन्हें अपने चिकित्सक की सलाह अनुसार दवाओं को प्रतिदिन खानी चाहिए।ओर प्रतिमाह फालोअप कराना चाहिए कमजोरी ओर हाथ-पैर दर्द ओर एसिडिटी के मरीज भी पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य जांच उपरांत दवा दी गई है।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में में बी ई ईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका श्रीमती राज विजय लक्ष्मी, स्वास्थ्य संयोजक जितेन्द्र पटेल एम पी डब्लू प्रभात यादव, भूपेंद्र सिंहा सहित आर पी सिंह अधिवक्ता संघ, न्यायालय के विकास सोनी, भारतीय स्टेट बैंक भिलाई 3 के शाखा प्रबंधक सुनील कशयप उपस्थित थे।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में 6 रैंक हासिल करने वाले वैष्णवी देवांगन का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नगपुरा कक्षा दसवी की छात्र कु.वैष्णवी देवांगन पिता गोपाल ने दसवी बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रवीण्य सूची में 06 रैंक 98.33 प्रतिशत लाकर सफलता अर्जित किया है।



शनिवार को नगपुरा रेस्ट हाउस में दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के नेतृत्व में कु.वैष्णवी देवांगन को प्रतीक चिन्ह श्रीफल एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया और बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ये दुर्ग जिला के लिए गौरव की बात है अपने माता पिता व गांव के साथ साथ अपने स्कूल जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जगेश्वर साहू, दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू ,अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा,जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, जिला उपाध्यक्ष आशीष निमजे, पूर्व जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच ओमेश्वर राजू यादव जिला आईटी सह संयोजक विनय महोबिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन बूथ अध्यक्ष शंकर रावत, बूथ अध्यक्ष रंजीत निषाद, बूथ अध्यक्ष ओंकार देवांगन, नारायण साहू संतोष साहू, पवन महतेल ,सुखदेव देवांगन, नंदु निर्मलकर, देव प्रसाद साहू, चमन यादव, मुकेश मंडले रामकली साहू, भारती साहू, यमनी हरमुख, दिव्या साहू, बीना महतेल, शेशु साहू, प्रीतलाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## महादेव एप सट्टा कारोबार व कालेधन से उनका दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं : धर्मेंद्र जायसवाल

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** हाउसिंग बोर्ड श्रीराम हाईटस कैलाश नगर निवासी व्यवसायी व भाजपा नेता धर्मेन्द्र जायसवाल ने आयोजित पत्रवार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि उनका इन्टीरियर और तन्मय मोटर्स के नाम से कारोबार है। किसी भी प्रकार के महादेव एप्प सट्टा कारोबार व कालेधन से उनका दूर दूर तक कोई लेनादेना नही है। मेरे नाम के हमनाम व्यक्ति की वजह से मेरी सामाजिक औरव्यक्तिगत छवि समाज में खराब हो रही है। जिससे में काफी पैनिक हूं। मेरेपरिजन भी पैनिक है। लेकिन मैने उनसे कहा कि आप लोगों को पैनिक होने की जरूरत नही है। एक गुमनाम पत्र जिसमें मुझे बदनाम किया गया है यह गुमनाम पत्र किसी विनोद सिंह के द्वारा जामुल थाना प्रभारी के नाम से भेजा गयाहै,कि मेरे पास काफी सम्पत्ति है, मंहगी लग्जरियस गाड़ी में मै घूमता हैं।

जायसवाल ने बताया कि समाचार पत्रों व कुछ न्यूज पोर्टल में कुछ पुलिस अफसरों के साथ मेरी फोटो को पहले दिखाया गया और अभी उसे ब्लरकर दिया गया है। मुझसे पहले विज्ञापन मांगा गया और एक व्यक्ति ने आकर मुझसे 20 हजार रूपये लिये लेकिन पुलिस अफसरों का विडियो वायरल होने केबाद उक्त 20 हजार रूपये मुझे लौटा दिये गये और कहा गया कि मामला काफी गंभीर है, मैने इस पूरे मामले की शिकायत तात्कालिक एसपी जितेन्द्र शुक्लाव नव पदस्थ एसएसपी विजय अग्रवाल व आईजी दुर्ग रेंज से शिकायती आवेदन दियाहूं, जिसमें मैं इस पूरे मामले की निष्पक्षता से पुलिस जांच करने की मांगकिया हूं। असली धर्मेन्द्र जायसवाल व नकली धर्मेन्द्र जायसवाल कौन है और विनोद सिंह कौन है, पुलिस इसकी निष्पक्षता से जांच करें । मैं हर जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हूं। मै पहली बार अपने परिवार के साथ दुबई 2023 में गया था, यदि पुलिस जिस धर्मेन्द्र जायसवाल को फरार बता रही है।और वह सट्टे के काम से जुड़ है और यदि मैं हूं तो पुलिस मेरे को अब तकक्यो नही पकड़ी? मुझे कोई नोटिस पुलिस ने क्यों नही दिया? मेरी गिरफ्तारी भी नही हुई, दुर्ग जिले में मेरा किसी भी थाने में कोई भी अपराध आज तकदर्ज नही है, चूंकि मेरा भाई मीर जयसवाल एबीव्हीपी से जुडा है, उसका हाल फिलहाल में एक मारपीट का मामला स्मृति नगर पुलिस चौकी में दर्ज है, मीरजायसवाल ने ही मेरे जन्मदिन के अवसर पर पुलिस के अफसरो, नेताओं व पत्रकारों व सामाजिक लोगों को न्यौता देकर बुलाया था, मैं पहली बार पुलिसअफसरों से रू ब रू हुआ था, सोशल मीडिया में दुर्ग पुलिस की अच्छी कार्यवाही की वजह से जामुल थानेदार कपिलदेव पाण्डेय व सुखनंदन राठौर कोचेहरे से पहचानता था, तात्कालिक छावनी थाने के थानेदार चेतन चन्द्राकर कोमैं नही पहचानता था, सामाजिक सरोकार के किसी भी कार्यक्रम में ऐसे मेंकिसी को भी नही बुलाया जा सकता ये कहां का नियम है, और इतने महिने बादफोटो क्यों वायरल हुई, इसकी भी जांच पुलिस करे। मेरे पिता का नाम शिकारीलाल जायसवाल है। आरटीआई पुलिस से हमने धर्मेन्द्र जायसवाल के पिता का नाम मांगा है, लेकिन 140/22 का आरटीआई पुलिस हमें अभी तक नही दी है।मुझे कुछ लोग टारगेट कर रहे है, पूछने पर वह स्पष्ट बोलने से बचते रहे।चूंकि मैं भाजपा से जुडा हूं कार्यकर्ता हूं। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे के चुनाव में भी मेरे द्वारा भारी भरकम खर्चा की बातें उडाई गई जो कि निराधार है, उसकी भी कोई सच्चाई नही है।

## महाराणा प्रताप की शोभायात्रा में जुटे राजपूत समाज के लोग

### विधायक व महापौर ने महाराणा प्रताप के वीरता को किया याद

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ द्वारा वीर महाराणा प्रताप की जयंती संस्था कार्यालय अग्रसेन चौक में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे जोश खरोश के साथ महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप के तैल्यचित्र को एक सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया था। इसके अलावा अन्य झाकियां, घोड़े-बग्गी, धुमाल व शौर्य प्रदर्शन शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहे।

ग्रीन चौक से यह शोभायात्रा अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट,पटेल चौक पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा रास्तेभर जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जय महाराणा व जय राजपूताना के जयकारे गुंजायमान रहे। जिससे शोभायात्रा में जोरदार माहौल बना। इसके पहले मंचीय कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस अवसर पर राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार, संरक्षक गोपाल सिंह पवार, अजय सिंह, शिवेन्द्र परिहार, क्षत्रिय कल्याण महासभा भिलाई अध्यक्ष अजीत सिंह, राजपूत महासभा रहटादह उपसमिति जवाहर नगर अध्यक्ष हरनारायण सिंह, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर,नीलेश अग्रवाल, पार्षद नीलम सिंह, मनीषा सोनी, पूर्व एल्डरमैन रीता सिंह मंचासीन रहे। स्वागत भाषण में राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार ने संस्था के कार्यो व गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने साथ दलितों, भीलों और वंचितों को रखा और उन सैनिकों के दम पर अकबर की मुगल सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए थे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से योद्धा रहा है। महाराणा प्रताप ऐसे राजा थे, जिन्होने अपनी वीरता से अकबर के पसीने छुड़ा दिए थे। महापौर अलका बाघमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज को उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वजातीय बंधुओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरुप सिंह परिहार, रामनिवास सिंह, नरसिंह ठाकुर, शिवभान सिंह भदोरिया, कमलेश सिंह, प्रांजल सिंह, अरविंद सिंह ,हनी सिंह, करणी सेना अध्यक्ष अभिषेक सिंह, आयुष सिंह,अनिकेत सिंह, सीमांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र चंदेल, राय सिंह ढिकोला, विनोद बैस, हरेकृष्णा सिंह ,कपिल राजपूत, हेम सिंह ,प्रवीन मोहन पिंटू,सुनील सिंह, दिनेश सिंह, योगेंद्र सिंह,कृष्णपाल सिंह तोमर, अरुण सिंह, राजेंद्र चंदेल, तरुण सिंह, बॉबी सिंह, कन्हैया सिंह, नवीन सिंह, चंद्रभान सिंह, क्षत्राणी महिला मंडल की करुणा सिंह, सावित्री सिंह, संगीता सिंह, ममता ठाकुर, ललिता सिंह, अनीता सिंह, रतना सिंह, डॉ उमा सिंह, हेमा बेस, संजू सिंह, विमल सिंह, सुरेखा सिंह, श्वेता सिंह, जूही सिंह ,सुकृति सिंह, ज्योति सिंह, रूपा सिंह, मनीषा सिंह के अलावा राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत का हुआ शुभारंभ, 14 करोड़ से अधिक राशि के प्रकरणों का हुआ सेटलमेंट

### प्रधान जिला न्यायाधीश सत्यभामा अजय दुबे ने किया दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन, पक्षकारों को वितरित किए गए फलदार पौधे

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** नेशनल लोक अदालत का भव्य शुभारंभ आज कबीरधाम जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के करकमलों से किया गया। उन्होंने न्यायालय परिसर के एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर खंडपीठों के अन्य पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 9 खंडपीठों का गठन किया गया था। जिसमें न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों का निपटारा आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया। लोक अदालत में कुल 24,773 प्रकरणों का निराकरण हेतु रखा गया था, जिनमें प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) के 23,966 और न्यायालयों में लंबित 1,724 प्रकरण शामिल थे। लोक अदालत में कुल राशि 14 करोड़ 52 लाख 36 हजार 690 रूपए के प्रकरणों का सफलतापूर्वक सेटलमेंट हुआ। मोटर दावा दुर्घटना के रखे गए 14 प्रकरणों में से 6 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 35 लाख 90 हजार रूपए की अवार्ड राशि आदेशित की गई। वहीं, कुटुंब न्यायालय के 42 प्रकरणों में से 32 मामलों का समाधान कर 7 लाख 48 हजार 800 रूपए का सेटलमेंट कराया गया। लिखित परक्राम्य अधिनियम के तहत चेक बाउंस के 43 मामलों में से 19 का निराकरण करते हुए 21 लाख 70 हजार 34 रूपए का समझौता कराया गया। राजस्व न्यायालयों में रखे गए 18,825 प्रकरणों में से 13 करोड़ 60 लाख 88 हजार 871 रूपए के मामलों का निपटारा किया गया। विद्युत विभाग के 4,152 प्रकरणों में 1 लाख 52 हजार 576 रूपए, जबकि बैंक, दूरभाष और जलकर से जुड़े मामलों में कुल 1 लाख 1 हजार 535 रूपए का सेटलमेंट किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीआरपीएफ कैंप में सिपाही ने हवलदार पर किया जानलेवा हमला, बुरी तरह जख्मी, हमले की वजह साफ नहीं

**रायपुर।** रायपुर में ओल्ड पीएचक्यू परिसर के सीआरपीएफ कैंप में एक सिपाही ने हवलदार पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि सिपाही ने चाकू कैंची से छाती, भुजा और कान के पास मारा है, जिससे हवलदार बुरी तरह घायल हो गया। बैरक के आसपास मौजूद अन्य सिपाहियों ने बीच बचाव कर हवलदार की जान बचाई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सोहनलाल देवांगन ने पुलिस को अस्पताल में बयान दिया है। जिसमें बताया कि वह ओल्ड पीएचक्यू में हवलदार के पद पर है। 8 मई को मेन गेट में ड्यूटी करने के बाद वापस बैरक में आ गया। अपनी ड्रेस उतार कर पलंग में लेट गया। फिर मोबाइल से अपने घर वालों से बात करने लगा। तभी सिपाही कपूर प्रमोद अंदर आया। प्रमोद अंदर आते ही गाली गलौज करने लगा। सोहनलाल कुछ समझ पाता इसके पहले ही उसने चाकू और कैंची से उस पर हमला कर दिया। जिससे सोहन के आंख के पास, छाती और भुजा में चोटें आई। इस दौरान बैरक के अन्य जवानों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। फिलहाल सोहन को अस्पताल में एडमिट किया गया है। इस मामले में फिलहाल यह बात साफनहीं हो पाई है कि दोनों के बीच क्या विवाद था। सिपाही ने हवलदार पर क्यों हमला किया। हालांकि पुलिस आशंका जता रही है कि सिपाही मानसिक रूप से परेशान था। लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### पुलिस ने चाकूबाजों का निकाला जुलूस पुरानी रंजिश में घर घुसकर चाकू से किया था हमला, पेट और सीने में आई चोटें



**रायपुर।** रायपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। तीन लड़कों ने युवक के घर में घुसकर पेट और सीने में ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उसे मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब पुलिस ने चाकूबाजों का जुलूस निकाला है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाली थाना प्रभारी सुधांशु बघेल के मुताबिक, शीतल तिवारी ने थाने में बताया कि उसके दो बेटे आयुष तिवारी और प्रत्यूष तिवारी है। 8 मई की दोपहर करीब 2 बजे परिवार घर पर था। इस दौरान भुवन, पंकज और गोल्डी नाम के युवक घर के भीतर घुसे। आरोपी घर के अंदर घुसते ही प्रत्युष के साथ मारपीट करना शुरू कर दिए। उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने प्रत्युष के सीने और पेट में 3 से 4 बार वार किया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने हाफ मर्डर के तहत केस दर्ज किया है। इसके साथ ही वारदात में शामिल भुवन हरपाल और पंकज कोहड़े निवासी टिकरापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चाकूबाजों का जुलूस भी निकाला है।

### बिजली के खंभे में लगी आग

**रायपुर।** रायपुर में गर्मी के कारण आग लगने और शॉर्ट सर्किट के मामले बढ़ गए हैं। शनिवार को शहर के



एमजी रोड स्थित मंजू ममता होटल के पास एक बिजली के खंभे में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगातार खंभे में स्पार्किंग हुए। पटाखों की तरह आवाज और चिंगारियां काफी देर तक निकलती रही। बताया जा रहा है कि, ये आग खंभे में उलझे हुए तारों में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी है। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारण कई दुकानों के बिजली बंद है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि, करीब 1 से 2 घंटे बाद बिजली आएगी। बिजली खंभे में आग लगने के कारण दुकानों के सर्विस वायर जल गए है। आग के चलते अभी खंभा बेहद गर्म है। पानी का छिड़काव कर उसे ठंडा हटाया जा रहा है। इसलिए आस पास की बिजली बंद की गई है।

# संकट की घड़ी में हमारी एकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है : मुख्यमंत्री साय

### राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सर्वधर्म सभा में हुए शामिल

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मो, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं एकजुटता के उद्देश्य से आज राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जब हमारा राष्ट्र संघर्ष से गुजर रहा हो तो केवल सीमाओं पर तैनात हमारे सैनिक ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक की चेतना, एकता और संकल्प ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। श्री डेका ने कहा कि सदियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जिसने विविधताओं को अपनाया है। जहां पूजा की विधियां भले ही भिन्न हो पर मानवता की मूल भावना सभी में एक समान है। जब-जब देश पर संकट आया है हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग के लोग कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हुए हैं। वर्ष 1965 और 1971 के युद्ध हो या 1999 का कारगिल का संघर्ष हर बार हमारे देश ने यह सिद्ध किया है कि हम किसी धर्म, सम्प्रदाय या भाषा के नाम पर विभाजित नही हो सकते। देश में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य सभी धर्मो के लोग मिलजुल कर रहते है। छत्तीसगढ़ भी इस सांस्कृतिक



समन्वय का जीवंत उदाहरण है। श्री डेका ने छत्तीसगढ़ की जनता से अपील की कि वे एकजुट रहें शांति और सौहार्द बनाएं रखें। अभी यह सोचना है कि देश व समाज को क्या दे सकते है। हमें एकजुट होकर देश के लिए खड़ा होना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत देश सत्य, अहिंसा और शांति का पुजारी है। आज के इस बैठक में सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने एकता का संकल्प दोहराया है। इस घड़ी में हम सभी को यह दिखाना है कि हम एकजुट है और देश के सैनिकों के अदम्य साहस को हम प्रणाम करते है। हमारी सेना के जवानों ने आंतकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमें बहुत सचेत रहने की जरूरत है। ऐसे समय में असामाजिक तत्व भी लाभ उठाने का प्रयास करते है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया में आ रही भ्रामक सूचनाओं से भी जनमानस को सतर्क रहने कहा। सभा में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया। शांति एवं सद्भाव बनाएं रखने के लिए एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करने तथा शासन एवं प्रशासन के हर निर्देशों का पालन करने की बात कही। सर्वधर्म सभा में जैन समाज के श्री चंद्रेश शाह, शदाणी दरबार के श्री युधिष्ठिर महाराज, ब्रम्हाकुमारी शांति सरोवर की सविता बहन, सिक्ख समाज के सरदार अमरिक सिंह, बोहरा समाज के श्री फिरोज गांधी, ब्राम्हण समाज के श्री दीवाकर तिवारी, बौद्ध समाज के भंते डॉ. जीवक, रामकृष्ण मिशन के श्री किशोर महाराज, भारत सेवा संघ के स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज, बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ की सुश्री सुषमा कुमार, गायत्री परिवार के दिलीप पाणिग्राही, मुतवल्ली जामा मस्जिद के अब्दुल फहिम और कालीबाड़ी बंगाली समाज के श्री रंजन बनर्जी ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्त ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज निर्वाचन सदन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव श्री एम. ए. बेबी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यह बैठक विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से हो रही चर्चाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। इन संवादों का उद्देश्य लंबे समय से महसूस की जा रही रचनात्मक चर्चाओं की आवश्यकता को पूरा करना है, जिससे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टी अध्यक्ष आयोग के साथ सीधे अपने सुझावों और चिंताओं को साझा कर सकें। यह पहल आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों के साथ मिलकर वर्तमान कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है। इससे पहले,



आयोग ने बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के अध्यक्ष कुमारी मायावती के नेतृत्व में 06 मई 2025 को तथा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 08 मई 2025 को मुलाकात की थी। अब तक कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों (सीईओ) द्वारा, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) द्वारा और 3,879 बैठकें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आयोजित की गईं।

# सीजफायर के बाद रायपुर में 'जय हिंद मशाल रैली', सेना के शौर्य को सलाम

### पूर्व एमएलए बोले-जब-जब ऐसे हालात बनेंगे, हर बार मिलेगा मुंहतोड़ जवाब

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बाद अब दोनों देशों ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। इस बीच रायपुर में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में आम नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय हिंद मशाल रैली निकालकर भारतीय सेना को सलाम किया। यह रैली महात्मा गांधी जी की प्रतिमा, आजाद चौक से जय स्तंभ चौक तक निकाली गई।

मशाल के साथ चल रहे नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और जय हिंद के नारे लगाए। रैली का मकसद था देश की सेना को समर्थन और सम्मान देना। वपूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, किसी भी देश के लिए युद्ध कोई अच्छी बात नहीं है, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा की हो, तो जवाब जरूरी होता है। उन्होंने पाकिस्तान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ÷पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को संरक्षण दे रहा है, उन्हें पनाह और जगह दे रहा है। आतंकवादियों की कायराना हरकतों का जवाब हमेशा भारतीय सेना ने मजबूती से दिया है।÷ उन्होंने आगे कहा, जब-जब देश पर संकट आया है, हमारी सेना ने करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज की मशाल रैली भी हमारे सैनिकों के हौसले को सलाम करने और जनता को ये संदेश देने के लिए है कि हम सब एकजुट हैं। रैली में बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए जिन्होंने हाथों में तिरंगा और मशाल लेकर देश के जवानों के लिए समर्थन जताया। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और आखिर में जय स्तंभ चौक पर शहीद वीर सैनिकों के सम्मान में 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

# 'देश है तो धर्म है', देश की सुरक्षा में लगे सिपाहियों के सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु नवकार महामंत्र का जाप

### सवा लाख नवकार महामंत्र का कवच सैनिकों की जीवन रक्षा करेगा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में देश में राष्ट्र में समाज में शान्ति हो , सैनिक अपने शौर्य पराक्रम वीरता से देश की रक्षा करें , सैनिकों के सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु नवकार महामंत्र का जाप किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि देश है तो धर्म है , हम सभी के लिए राष्ट्र प्रथम है । देश की सुरक्षा में लगे सभी सैनिकों के सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए चमत्कारी दादाबाड़ी में नवकार महामंत्र का जाप किया गया । सकल जैन समाज से अपील की गई है की रविवार व सोमवती पूनम तक प्रतिदिन 9 नवकार का जाप कर अखण्ड अभेद कवच का सृजन करें व राष्ट्र के प्रति अपनी आहुति समर्पित करें । श्रीमती मंजू कोठारी व नेहा श्रीश्रीमाल ने बताया कि श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर , भैरव सोसायटी में पहलगाम आतंकी हमले पर जनभावनाओं की पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई है । पहलगाम की घटना पर अनेक बच्चों युवाओं ने पोस्टर पर अपने विचार कविताओं के माध्यम से व्यक्त किए हैं । सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में पोस्टर प्रदर्शनी रविवार व सोमवती पूनम को प्रदर्शित रहेगी ।



# श्रीमंत झा ने एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग में जीता रजत पदक

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी वर्ल्ड नंबर-3 और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर श्री श्रीमंत झा ने एक बार फिर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में उन्होंने प्लस 85 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक (सिल्वर) जीतकर भारत का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्रीमंत झा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और कहा छत्तीसगढ़ के होनहार पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए जो अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सफलता प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। श्रीमंत झा ने अपनी जीत भारत के शहीद जवानों को समर्पित करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर



मैच शहीदों की स्मृति में खेलता हूं और अब मेरा लक्ष्य आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश को फिर से गौरवान्वित करना है। श्री झा जो दोनों हाथों में केवल चार अंगुलियों के साथ जन्मे थे, आज 55 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में विश्व स्तर पर तीसरे और एशिया में पहले स्थान पर हैं। श्रीमंत झा के इस गौरवशाली उपलब्धि पर पीपुल्स आर्म रैसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष सुश्री प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ आर्म रेसलिंग संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश बाबे, चेयरमैन श्री बृज मोहन सिंह, सचिव श्री श्रीकांत और श्री कृष्ण साहू ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# जीवन में सद्‍गुणों और विशेषताओं को धारण कर लक्ष्य को प्राप्त करें : ब्रह्माकुमारी सविता दीदी

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी रायपुर में आयोजित समर कैम्प में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने आज बच्चों को जीवन में नैतिकता विषय पर अपने आशीर्वचनों से लाभान्वित किया। उन्होंने बच्चों को स्वयं में विशेषताएं भरकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए।

ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि जैसे दुनिया में बाह्य शरीर को सजाने सॅवारने के लिए ब्यूटी पार्लर होते है उसी प्रकार अपने आंतरिक स्वरूप को निखारने के लिए भी ऐसे पार्लर की आवश्यकता है जहॉ अंतर्मन को दिव्य गुणों और मानवीय मूल्यों से सजाया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने आचरण, व्यवहार और सोच को रचनात्मक बनाकर बुरी आदतों, व्यसनों आदि से स्वयं को मुक्त करना ही सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का विकास करना है।



हमारे शारीरिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास के लिए राजयोग मेडिटेशन की साधना बहुत ही उपयोगी है। जीवन में सम्मान एवं आज्ञाकारिता का महत्व बतलाते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए तथा उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए इससे न केवल बड़े-बुजुर्गों की बल्कि भगवान की भी दुआएं मिलेंगी। कभी अकड़कर न चलें बल्कि नम्र बनें और झुककर रहें। सविता दीदी ने आगे कहा कि किसी की सफलता को देखकर उससे ईर्ष्या न करें। स्वयं सफल होना है तो रिस ( ईर्ष्या ) नहीं रेस (प्रतिस्पर्धा) करो। हरेक बच्चे को अपने जीवन में कोई लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढने् का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन यहाँ-वहाँ भटकने की अपेक्षा शान्त चित्त होकर एक ही दिशा में अर्थात लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करेगा। ऐसा करने से सफलता प्राप्त करना सहज हो जाएगा। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे किन्तु सफल व्यक्ति नहीं कहलाएंगे। उन्होने सभी बच्चों को व्यक्तिगत डायरी रखने का सुझाव देते हुए कहा कि एकान्त में बैठकर रोजाना उसमें अपने मन की बातें लिखने की आदत डालें। इससे मन हल्का रहेगा और आपकी कल्पनाशक्ति बढ़ जाएगी। अगर भाषा अच्छी होगी तो भविष्य में आप अच्छे लेखक या कवि भी बन सकते हैं। रात को सोने से पहले और सुबह उठने के बाद दस मिनट मेडिटेशन जरूर करना चाहिए। इससे परमात्मा का आशीर्वाद हमें मिलता है।

# 'छत्तीसगढ़ में आदिम जाति के विकास में चुनौतियां' विषय पर हुई परिचर्चा

### पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने आदिम वर्ग के विकास को दी है नई ऊंचाई : प्रमुख सचिव सोमनणि बोरा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** भारतीय लोक प्रशासनिक संस्थान छत्तीसगढ़, क्षेत्रीय शाखा रायपुर के तत्वावधान में आज छत्तीसगढ़ में आदिम जाति विकास में चुनौतियां विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने आदिम जाति वर्ग विशेषकर पिछड़ी जनजातियों (पीजीटीव्ही) के विकास को ऊंचाई प्रदान करते हुए एक नई दशा-दिशा प्रदान की है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से आदिम जाति कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की सफलता और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन वर्गो के विकास में बाधा बनने वाले प्रमुख चुनौतियों की भी जानकारी दी। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रमुख रूप से 43 जनजातियां हैं, इनमें अलग-अलग उपजातिया भी शामिल है तथा राज्य में अबूझमाड़, बैगा, कमार, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में चिन्हांकित है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टिकोण से जंगल का नाम आते ही हमारे मन में बस्तर और सरगुजा की छाप दिखाई देने लगती है। मैदानी क्षेत्रों के अलावा यदि हम दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजाति वर्ग के विकास की बात करें तो चुनौती और अवसर प्रमुख बिन्दु हैं। अलग-अलग क्षेत्र में निवास करने वाले आदिम जाति वर्ग के परिवारों की अलग-अलग चुनौतियां है, कहीं शिक्षा तो कहीं जागरूकता की चुनौतियां है। वहीं बहुत से स्थानों पर अवसर नहीं मिलने के कारण विकास के राष्ट्रीय इंडेक्स में पिछड़ जाते हैं। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 146 विकासखण्ड में से 85 विकासखण्ड अनुसूचित क्षेत्र है। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए राज्य के 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6691 आदिवासी बहुल गांव का चयन किया गया है। चयनित गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, उन्नति के कार्य किए जा रहे हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 25 कार्यक्रम शामिल हैं। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के क्षेत्र से जनजातीय परिवारों को जोड़कर उनके समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत राज्य के विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों और उनके गांवों में शत-प्रतिशत विकास के लिए कार्य कर रही है। योजना के तहत चिन्हांकित गांवों में भी बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित मूलभूत सुविधाओं के साथ ही वहां के निवासियों के लिए आधारकार्ड, आयुष्मानकार्ड, राशनकार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि पहले दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के जमीनों का रिकार्ड उपलब्ध नहीं हो पाता था, अब सेटेलाईट एवं नये तकनीक के माध्यम से जियो टेगिंग तथा जियो फैंसिंग का कार्य किया जा रहा है। इससे कोई भी व्यक्ति भुईंया पोर्टल पर अपने नाम और खसरा नंबर अपलोड कर ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले दूरस्थ अंचलों में राजस्व त्रुटि सुधार नहीं हो पाता था, उनमें सुधार किया जा रहा है। मालिकाना हक वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर डाटा अपडेट उनके परिजनों को लाभ दिलाया जा रहा है।

# जिल न्यायालय में कुल 7,97,481 प्रकरणों का निराकरण किया गया

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में माननीय न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री संजय के. अग्रवाल न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10/05/2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का



आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं।

उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री बलराम प्रसाद वर्मा , प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमान सुधीर कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण व अधिवक्ता संघ के अध्यक्षश्री हितेन्द्र तिवारी, द्वारा जिला रायपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, पक्षकारगण, अधिवक्तागण, बैंक के अधिकारीगण, राजस्व अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालिगल वालिंटियर, विधि एवं स्कूल के छात्र छात्रायें भी उपस्थित रहे। इस बार की नेशनल लोक अदालत भी हाईब्रिड तरीके से आयोजित की गयी, जिसमें पक्षकार भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ वर्चुअल या ऑनलाईन के माध्यम से भी राजीनामा किया गया।

# नृसिंह चतुर्दशी : भगवान नरसिंह की पूजा करने से आती है घर में सुख-समृद्धि

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नृसिंह जयंती का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने नृसिंह रूप में अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान का स्वरूप आधे शेर का और आधे मनुष्य का था। भगवान विष्णु ने ये अवतार अपने भक्त प्रह्लाद को बचाने और हिरण्यकश्यिपु का वध करने के लिए लिया था। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि यह दिन भगवान विष्णु के उग्र स्वरूप भगवान नरसिंह को समर्पित है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्तों की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस साल नरसिंह जयंती रविवार, 11 मई को मनाई जाएगी, जो हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ती है। नरसिंह जयंती का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। व्रत का पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जाता है। नरसिंह जयंती बेहद शुभ मानी जाती है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग गणना के आधार पर वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 10 मई को शाम 05¬29 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 11 मई को रात 09¬19 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल यह पर्व 11 मई को ही मनाया जाएगा।

पूजा विधि : भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि सुबह उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल से पवित्र करें। एक वेदी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। भगवान नरसिंह की प्रतिमा स्थापित करें। अगर नरसिंह जी की प्रतिमा न हो तो भगवान विष्णु की तस्वीर भी स्थापित कर सकते हैं। पूजा शुरू करने से पहले व्रत और पूजा का संकल्प लें। भगवान नरसिंह की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराएं। चंदन, कुमकुम, हल्दी और गुलाल आदि चीजें अर्पित करें। उन्हें पीले या लाल रंग के वस्त्र पहनाएं और पीले फूलों की माला चढ़ाएं। भगवान नरसिंह को फल, मिठाई, विशेष रूप से गुड़ और चना अर्पित करें। पूजा में तुलसी दल जरूर शामिल करें। घी का दीपक जलाएं। भगवान नरसिंह के मंत्रों का जाप करें। अंत में भगवान नरसिंह की आरती करें। पूजा के दौरान हुई गलतियों के लिए माफी मांगे। अपनी क्षमतानुसार गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें।


**इन मंत्रों का करें जाप**

उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु मृत्युं नमाम्यहम।।

ओम नृम नरसिंहाय शत्रुबल विदीर्नाय नमः

ओम नृम मलोल नरसिंहाय पूरय-पूरय

**पौराणिक कथा :** भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए नरसिंह अवतार लिया था। उसमें भगवान नरसिंह का आधा शरीर मनुष्य का और आधा शरीर सिंह का था। वे हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए दोपहर के समय खंभा फाड़कर प्रकट हुए थे। उन्होंने घर की दहलीज पर हिरण्यकश्यप को अपने जंघे पर लिटाकर दोनों हाथों के नखों से उसका पेट फाड़ दिया था। हिरण्यकश्यप को वरदान था कि उसे मनुष्य या जानवर, दिन या रात में, अस्त्र या शस्त्र से नहीं मारा जा सकता था। इस वजह श्रीहरि ने सबसे अनोखा स्वरूप नरसिंह का धारण किया था।



**महत्व :** भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि नरसिंह जयंती के दिन भगवान नरसिंह की पूजा करने से भक्तों के अंदर का भय दूर होता है। भगवान नरसिंह की कृपा से जीवन में आने वाले संकटों का नाश होता है। वे अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उनकी पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और लाइफ में आने वाले कष्टों से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा नरसिंह जयंती के दिन व्रत रखने और भगवान नरसिंह की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और साथ ही ग्रह-दोष से भी मुक्ति मिलती है।

**नरसिंह जयंती के दिन भूल से भी न करें ये चीजें, वर्ना बिगड़ जाएंगे सारे काम :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नरसिंह जयंती पर कुछ विशेष नियमों का पालन करना आवश्यक है. ऐसा माना जाता है कि इन नियमों का उल्लंघन करने से भगवान नरसिंह नाराज हो सकते हैं और व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**क्रोध और नकारात्मक विचार :** इस पवित्र दिन मन को शांत और सकारात्मक रखना चाहिए. क्रोध करना या किसी के प्रति बुरे विचार लाना अशुभ माना जाता है. भगवान नरसिंह उग्र स्वभाव के जरूर हैं, लेकिन वे शांति और भक्ति को पसंद करते हैं.

**मांसाहार और तामसिक भोजन :** नरसिंह जयंती के दिन पूर्ण रूप से सात्विक भोजन ग्रहण करना चाहिए। मांस, मदिरा, लहसुन और प्याज जैसे तामसिक पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए. यह दिन भगवान को समर्पित है और पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है।

**किसी का अपमान :** इस दिन किसी भी व्यक्ति, विशेषकर बड़े-बुजुर्गों या कमजोरों का अपमान नहीं करना चाहिए. भगवान नरसिंह सभी प्राणियों में व्याप्त हैं और किसी का भी अनादर करने से उनका क्रोध भड़क सकता है।

**काले या नीले रंग के वस्त्र :** नरसिंह जयंती पर काले या नीले रंग के वस्त्र पहनने से बचना चाहिए. इस दिन पीले, लाल या केसरिया रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है. यह रंग सकारात्मक ऊर्जा और शुभता का प्रतीक हैं।

**शारीरिक संबंध :** ब्रह्मचर्य का पालन करना इस दिन महत्वपूर्ण माना जाता है. इसलिए, नरसिंह जयंती के दिन शारीरिक संबंध बनाने से बचना चाहिए।

**घर में अंधेरा :** नरसिंह जयंती की शाम को घर में अंधेरा नहीं रखना चाहिए. मान्यता है कि इस समय भगवान नरसिंह का आगमन होता है, इसलिए घर को रोशनी से जगमगाना चाहिए।

**झूठ बोलना या छल करना :** इस पवित्र दिन झूठ बोलना या किसी के साथ छल कपट करना घोर पाप माना जाता है. सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का पालन करना चाहिए।

**नरसिंह जयंती का महत्व :** यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय और भगवान विष्णु के अपने भक्तों की रक्षा करने की शक्ति का प्रतीक है. नरसिंह भगवान का अवतार भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने और अत्याचारी असुर राजा हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए हुआ था।

# बच्चों के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक



आजकल बच्चों को मामूली सी बीमारी में एंटीबायोटिक खिलाना आम बात हो गई है। हालांकि यह चिंता की बात नहीं है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल या फिर बिना सोच-समझकर देना बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भले ही एंटीबायोटिक दवा बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण हो ठीक करती हैं, लेकिन अगर आप बार-बार या फिर गलत तरीके से इसे देते हैं, तो इसका आपके शरीर पर उल्टा असर हो सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसे कारण बताने जा रहे हैं, जिससे आपको यह समझने में आसानी होगी कि बच्चों को एंटीबायोटिक देने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना क्यों जरूरी होता है।

**एंटीबायोटिक दवाएं :** जब बच्चे को बार-बार एंटीबायोटिक दी जाती है, तो कुछ बैक्टीरिया इन एंटीबायोटिक से लड़ना सीख जाते हैं। इससे यह दवा काम नहीं करती है और मामूली संक्रमण भी खतरनाक बन जाते हैं।

**कम हो जाती है ताकत :** अगर हर बार बच्चे को दवा दी जाती है, तो शरीर को बीमारी से खुद लड़ने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे भी बच्चे का इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता है। इससे बार-बार वह बीमार पड़ने लगते हैं।

**खराब पाचन :** एंटीबायोटिक दवा सिर्फ बुरे बैक्टीरिया ही नहीं बल्कि अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देती है। इसमें वह बैक्टीरिया भी होते हैं, जो पेट को सही रखने में मदद करते हैं। इससे पेट दर्द, अपच और गैस की समस्या हो सकती है।

**एलर्जी का खतरा :** कुछ बच्चों को एंटीबायोटिक देने से खुजली, रैश या फिर सांस लेने में परेशानी जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है कि उनको एंटीबायोटिक न दें और अगर दे रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**वायरल बीमारी :** सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे वायरल संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक काम नहीं करती है। अगर एंटीबायोटिक दी भी जाती है, तो वह सिर्फ नुकसान करती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चे को दवा न दें।

**पेट दर्द जैसे साइड इफेक्ट्स :** दवा के कारण बच्चों को उल्टी, मतली, पेट दर्द या फिर चकत्ते जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में यह लक्षण हल्के होते हैं और खुद से ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर यह लक्षण अधिक बढ़ जाते हैं, तो बच्चे को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जब दवा की आदत हो जाती है, तो फिर शरीर बिना दवा के ठीक नहीं हो पाता है।

# बाल कहानी : अभ्यास करना, जारी रखना

**संतोष उत्सुक**

अन्नू मेहनती बच्ची है। वह सभी काम लगन से करती। मम्मी कई बार उसे घर पर अकेला छोड़ जाती तो वह पेंटिंग या स्केचिंग करती रहती। सामान्य ज्ञान की पुस्तक पढ़ती। उसके भैया शेखू, स्कूल से बाद में आते तब दोनों मिलकर स्कूल का होमवर्क कर लेते। उनकी मम्मी स्कूल में अध्यापिका थी। वह लौटती तो दोनों बच्चों को शाबासी देती। अन्नू चहकते हुए बताती कि आज उसने पेंटिंग की।

वह हर साल परीक्षा में अच्छे नंबर लेती। मम्मी ने उसे समझाया था कि पढ़ाई के साथ खेलना भी चाहिए और अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। मम्मी की बातों से प्रेरित होकर वह घर के सामने बनी छोटी छोटी क्यारियों में फूलों के पौधे लगाती, शेखू भैया की मदद भी लेती। जब फूल खिलते तो खुश होकर सब को बताती। नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेती तो पुरस्कार ज़रूर जीतती। उसके पापा भी यह देखकर बहुत खुश होते। अन्नू का आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

कुछ दिन पहले स्कूल के नोटिस बोर्ड पर नोटिस लगाया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर, 'इंटर स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। अन्नू की क्लास टीचर ने उसे कहा कि क्विज़ में हिस्सा लेकर पुरस्कार जीतने के लिए अच्छे से तैयारी कर लेना। उसने अपनी मम्मी को बताया कि उनके स्कूल में क्विज़ प्रतियोगिता हो रही है जिसमें दूसरे स्कूलों के विद्यार्थी भी हिस्सा



ले रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र में नई स्थापित निजी कंपनी के बड़े अधिकारी आने वाले हैं। प्रतियोगिता में जीतने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

अन्नू की मम्मी ने भी उसे प्रेरित करते हुए कहा कि वह मन लगाकर तैयारी करे ताकि उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहे। अगर कोई किताब बाज़ार से लानी है तो ज़रूर लाए। स्कूल में सभी विद्यार्थी अध्यापकों, अभिभावकों व सहपाठियों से मदद ले लेते थे। अन्नू को विश्वास रहा कि वह पुरस्कार अवश्य जीतेगी। उसे भरपूर आत्म विश्वास था कि क्विज़ में आने वाले संभावित सवालों के सही जवाब उसे आते हैं। उसे अलग से कोई किताब पढ़ने की ज़रूरत नहीं है न ही किसी से पूछने की। उसके पापा ने भी उसे कहा कि यदि कुछ पूछना हो, किसी विषय के सवाल या जवाब के बारे संदेह हो तो अपने अध्यापक, पापा मम्मी या दोस्तों से ज़रूर पूछ लेना चाहिए।

अन्नू ने अपने पापा से कहा कि वह स्वयं कर लेगी। प्रतियोगिता हुई लेकिन ज्यादा आत्मविश्वास के कारण और जल्दी करने की वजह से कुछ जवाब गलत हो गए। कुछ जवाबों पर संदेह रहा और कुछ सवाल छूट भी गए। अन्नू खुद अपनी परफॉरमेंस से संतुष्ट नहीं रही। नतीजन, उसे सिर्फ प्रमाण पत्र मिला। पढ़ाई में उससे कमजोर बच्चों ने भी प्रतियोगिता में पुरस्कार जीत लिए। उसे समझते देर नहीं लगी कि कहां गलती हुई है। उसके झूठे अति आत्म विशवास ने ही उसे हरा दिया।

घर आकर उसकी मम्मी ने अभी पूछा भी नहीं था कि अन्नू ने स्वयं बताया, ÷मम्मी मुझे गलत लगता था कि मुझे सब पता है, मैं बहुत अच्छा परफॉर्म करूंगी। अपने स्कूल से बाहर के विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पता चलता है कि हमें कितना आता है। ज्ञान का स्तर बढाते रहने के लिए लगातार मेहनत करना ज़रूरी है। उसकी मम्मी ने समझाया, ÷निपुणता के लिए नियमित अभ्यास करना ज़रूरी है। उस अभ्यास को ही मेहनत कहते हैं बेटा÷।

अन्नू को समझ आ गया था कि अब उसे क्या करना है।

# 10वीं के बाद अपने करियर को कैसे बनाएं बेहतरीन, फॉलो करें ये टॉप 5 टिप्स

**दिव्यांशी भदौरिया**

10वीं कक्षा पास करना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। यह आपकी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है और यह वह समय भी है जब आप अपने भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेना शुरु करते हैं। आपके आज की मेहनत आपका कल पर निर्भर करता है। इस लेख में हम आपको करियर प्लानिंग कैसे करें, इसको लेकर हम आपको 5 टॉप टिप्स बताने जा रहे हैं। जिससे आपका करियर बेहतरीन बनेगा और आप बेस्ट करियर चुन सकते हैं।

एक सफल करियर बनाने के लिए छात्रों को बहुत सारे विकल्फों को अच्छे से विश्लेषण करना चाहिए। स्टूडेंट्स अपनी रुचियों, कमजोरियों और ताकतों का पता लगाएं कि किस चीज में, वे स्ट्रॉन्ग हैं और उन्हें क्या करना बेहद पसंद है। अलग-अलग योग्यता टेस्ट, व्यावहारिक वर्कशाप और करियर गाइडेंश सेशन में भाग जरुर लें। ऐसा करने से आप अपने करियर चुनने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेंगे और एक बेहतरीन करियर ऑप्शन चुनेंगे।



**नए विकल्पों पर विचार करें :** स्टूडेंट्स अपनी स्किल और क्षमताओं के आधार पर सही करियर का चयन कर सकते हैं। आप पारंपरिक करियर विकल्पों को बजाय डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग, एआई और आर्किटेक्ट फील्ड के बारे में जरुर सोचें।

**10वीं के बाद करें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी :** यदि आप डॉक्टर या इंजीनियर या फिर सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं तो उनके लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी 10वीं के बाद तुरंत कर दें। आप अभी से इन परीक्षाओं की तैयारी करना शुरु कर देंगे, तो आपको सफलता प्राप्त करने के संभावना अधिक हो जाती है। जिस फील्ड में आप जाना चाहते हैं, उस क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल करना बेहद जरुरी है। इसलिए आप करियर प्लानिंग में उच्च शिक्षा के लिए नींव तैयार करने पर ध्यान दें।

**ऑनलाइन या ऑफलाइन शॉर्ट टर्म कोर्सेज करें :** इतना ही नहीं, आप अपनी रुचि के अनुसार शॉर्ट टर्म कोर्सेज कर सकते हैं, जैसे कि कंप्यूटर, डिजिटल मार्केटिंग या अन्य व्यावसायिक कौशल।

# सफेद बालों को छिपाने में मदद करेगी ये देसी चाय, हेयर कलर की नहीं पड़ेगी जरूरत

कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

कई बार आइने में देखते हुए बालों के बीच कुछ सफेद बाल नजर आते हैं, हमारे चेहरे पर शिकन आ जाती है। खासकर यदि 30 साल की उम्र के बाद सफेद बाल दिखाई देने लगें, तो यह काफी खराब लगता है। अक्सर हम इन सफेद बालों को छिपाने का तरीका ढूंढते हैं और बालों को सफेद करने के लिए हेयर कलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप सफेद बालों को छिपाने की बजाय इनको कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

बता दें कि कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में



कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सफेद बालों की समस्या को कम कर सकती है।

देसी चाय की सामग्री

गुड़हल के फूलों का पाउडर- 1 टेबलस्पून

मेथी के बीज- आधा टेबलस्पून

हल्दी- आधा टीस्पून

सेंधा नमक- आधा टीस्पून

नींबू- कुछ बूंदे

ऐसे बनाएं देसी चाय

सबसे पहले एक जार में हल्दी, मेथी के बीज, सेंधा नमक और गुड़हल के फूलों का पाउडर डाल लें।

# बच्चों के साथ समर वेकेशन का बना रहे हैं प्लान तो इस टूर पैकेज पर डालें एक नजर, सस्ते में हो जाएगी ट्रिप

बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां होने वाली हैं। ऐसे में बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ घूमने जाने की जिद करने लगते हैं। वहीं पेरेंट्स भी बच्चों को घुमाने बाहर ले जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बच्चों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, बच्चों के साथ घूमने जाने से पेरेंट्स के साथ उनका रिश्ता अच्छा बना रहता है। आप अपने बच्चों के साथ टूर पैकेज के जरिए घूमने का प्लान बना सकते हैं। इस टूर पैकेज में आपको ट्रिप की प्लानिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारतीय रेलवे द्वारा शुरू किए गए टूर पैकेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि 30 हजार के अंदर शुरू होने वाले हैं।

इस टूर पैकेज में यात्रियों को मांडू, महेश्वर, ओंकारेश्वर और उज्जैन घुमाया जाएगा। आप इस टूर पैकेज के लिए हर बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को टिकट बुक कर सकते हैं। वहीं 3 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 8,990 रुपए किराया देना होगा।

बच्चों के साथ यात्रा करने पर 6,290 रुपए किराया देना होगा। आप ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट के टूर पैकेज में मिलने वाली सुविधाओं को पढ़ने के बाद ही टिकट बुक करें। आप यहां के हसीन वादियों में बच्चों के साथ 4 रात और 5 दिन घूम सकेंगे। अगर आप 3 लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो प्रति व्यक्ति 9,400 रुपए किराया देना होगा। वहीं बच्चों के लिए 8,110 रुपए किराया देना होगा।



बच्चों के साथ घूमने जाने से पेरेंट्स के साथ उनका रिश्ता अच्छा बना रहता है। आप अपने बच्चों के साथ टूर पैकेज के जरिए घूमने का प्लान बना सकते हैं। इस टूर पैकेज में आपको ट्रिप की प्लानिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**वैष्णों देवी के करें दर्शन :** इस पैकेज की शुरूआत लखनऊ, सुल्तानपुर, शाहजहांपुर, वाराणसी, जौनपुर और मुरादाबाद से हो रही है।

यह टूर पैकेज 4 रात और 5 दिन का है। इस दौरान यात्रियों को ट्रेन और कैब से यात्रा कराई जाएगी। बता दें कि 08 मई से इस पैकेज की शुरूआत हो रही है। इस दौरान 3 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 9,220 रुपए किराया देना होगा। वहीं बच्चों के लिए 7,590 रुपए किराया देना होगा। आप भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सेजेस जंजगिरी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**कुम्हारी।** सेजेस जंजगिरी अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, इस विद्यालय में कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में 35 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसमें कृष कुमार सिंह ने 577 अंकों के साथ 96.16 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं अंग्रेजी माध्यम में 25 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रथम, 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय तथा एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है, इस कक्षा की खुशबू यादव (कॉमर्स संकाय) ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इस प्रकार दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 84.7 प्रतिशत तथा हिंदी माध्यम कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94.01 रहा। संस्था प्रमुख श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दिया है, तथा परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए समस्त विषय के शिक्षकों को सहयोग एवं बच्चों के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है, पालकों द्वारा भी बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया गया।

### पीएम श्री सेजेस कुम्हारी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**कुम्हारी।** पी एम श्री सेजस कुम्हारी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के 10 वीं और 12 वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सेजस कुम्हारी के बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई हमेशा की तरह परीक्षा का उत्कृष्ट परिणाम रहा, जिसमें अंग्रेजी माध्यम के बच्चों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा 710 वीं में भावेश साहू 95.6 प्रतिशत 12 वीं कक्षा में मीनाक्षी कुर्रे 88.8 प्रतिशत (जीव विज्ञान) प्राप्त कर विद्यालय में अपना उत्कृष्ट स्थान बनाएं। हिंदी माध्यम 12 वीं में 100 प्रतिशत और दसवीं में 88.5 प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें कक्षा 10 वीं की श्रद्धा केवर्थ्य 93.16 प्रतिशत एवं 12 वीं की तिलेश्वरी यादव 90.4 प्रतिशत (जीव विज्ञान) विद्यालय में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के दसवीं के 138 एवं कक्षा 12 वीं के 129 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए दसवीं में 108 बच्चे प्रथम स्थान में और 12वीं में 97 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार ने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं विभागीय विषय के संबंध में हुई बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं विभागीय विषयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कक्षा दसवीं के पश्चात विषय चयन, कैरियर ऑप्शंस के लिए बच्चों का काउंसलिंग करने कहा।

# उपमुख्यमंत्री ने किया भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

## अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले के युवाओं को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आधुनिक सुविधाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज नगर पालिका कार्यालय के पीछे मंगल भवन राज महल चौक पर भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क पीएससी एवं व्यापम कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। बालको सीएसआर के अंतर्गत और दिल्ली आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस सेंटर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक श्री सौरभ चतुर्वेदी, बालको के अधिकारी कर्नल श्री धनंजय मिश्रा, आईपीएस श्री आकाश श्रीश्रीमाल, संयुक्त कलेक्टर श्री दशरथ राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणिशंकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

उद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कोचिंग संस्थान में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं सहित स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, कैफेटेरिया सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात पीजी कॉलेज के भव्य ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने चयनित 200 प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों से आत्मीय संवाद कर भोरमदेव विद्यापीठ के उद्देश्यों, सुविधाओं और उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप कबीरधाम जिले में यह कोचिंग सेंटर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि हमारे जिले के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला केंद्र है। पहले हमारे होनहार युवाओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर, दिल्ली जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे उन्हें आर्थिक बोझ, मानसिक दबाव और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार ने इन सभी कठिनाइयों का समाधान करते हुए भोरमदेव विद्यापीठ की स्थापना की है, जहां अब हमारे बच्चे अपने ही जिले में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसे पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण, धैर्य, कठोर परिश्रम और अनुशासन ही सबसे बड़ी कुंजी है। अब समय आ गया है कि कबीरधाम के युवा भी डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य उच्च प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदलपुर आईपीएस श्री आकाश श्रीश्रीमाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी इसी कबीरधाम की मिट्टी से निकलकर वर्ष 2020 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित हुआ और आज बस्तर में आईपीएस पद पर सेवा दे रहा हूं। आप सभी में भी वही प्रतिभा है। बस अपने सपनों में विश्वास रखिए, कठिन परिश्रम करिए और निरंतर प्रयास करते रहिए। सफलता निश्चित मिलेगी। मैं भी आपके साथ हूं, मार्गदर्शन के लिए सदैव तैयार हूं। संयुक्त कलेक्टर श्री दशरथ राजपूत ने कहा कि भोरमदेव विद्यापीठ जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। अब यहां के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं है। सही दिशा, अनुशासन और मेहनत से आप सभी प्रदेश में कबीरधाम का परचम लहरा सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणिशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि ÷यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक और नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बनेगा। कठिनाइयों से घबराए नहीं, बल्कि उन्हें चुनौती समझें और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। सफलता आपका स्वागत करेगी। दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक श्री सौरभ चतुर्वेदी ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ÷भोरमदेव विद्यापीठ हमारी संकल्पना का परिणाम है, जहां हम कबीरधाम के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठतम मार्गदर्शन, आधुनिक सुविधाएं और निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहां से निकले युवा नई सफलता की इबारत लिखें और जिले को गर्व का अवसर दें। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग सेंटर में कुल 200 युवाओं, 100 पीएससी और 100 व्यापम अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। जिले के 1685 प्रतिभाशाली युवाओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया, जिसमें मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई। कोचिंग सेंटर में पुस्तकालय, निःशुल्क अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन वीडियो लेक्चर, कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं युवाओं को उपलब्ध कराई गई हैं, जो उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक विकास में भी सहायक होंगी। यह भी उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भोरमदेव महोत्सव के अवसर पर जिले के युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर देने की घोषणा की थी, जिसे महज एक माह के भीतर धरातल पर उतारते हुए भोरमदेव विद्यापीठ का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।




# मेयर ने दी चेतावनी साफ–सफाई बेहतर बनाएं, अवैध कब्जे खुद हटाएं

### मेयर अलका बाघमार मौके पर नाले के पास खड़े होकर बेहतर सफाई के निर्देश दिए

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** नगर निगम में 1 से लेकर 8 जून तक 60 वार्डो में महापौर महा-सफाई अभियान के तहत महापौर अलका बाघमार ने प्रभारी नीलेश अग्रवाल सहित अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शहर के वार्ड 43 के विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया और विभिन्न नालियों पर ढके स्लैप अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने व नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमला सफाई कामगार को फटकार लगाई। महापौर ने नाली व सड़क पर अतिक्रमण करने व सड़क और नाली के ऊपर बिल्डिंग वेस्ट मटेरियल फैलाने वाले लोगो को हटवाने की बात कही। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे ओर नालियों के ऊपर अवैध निर्माण अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महासफाई अभियान के निरीक्षण के मौके पर महापौर अलका बाघमार ने नाले के पास खड़े होकर बेहतर सफाई के निर्देश दिए। महापौर ने संबंधित मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाला-नालियों की सफाई से पहले नोटिस देकर अतिक्रमण हटवाएं। वार्ड क्रमांक 43 सहगल ऑटो से लगे नालों की सफाई कार्यो को ओर भी बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। महापौर ने दीपक टेंट हाउस से लेकर कुर्मी भवन होते हुए ओल्ड आदर्श नगर नाला सफाई निरीक्षण के साथ मुक्त नगर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल को श्री शिवम् और गुरुद्वारा के बगल का नाला चौड़ीकरण का प्रस्ताव सिटी डबलबमेंट प्लान में बनाने निर्देशित किया।

# आपराधिक मानववध के 4 आरोपी गिरफ्तार, मामूली बात पर गाली गलौज कर घटना को दिया अंजाम

### 24 घण्टे के अंदर दबिश देकर आरोपियों को भेजा गया जेल

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** श्रीमती शांति खुटियारे उम्र 59 साल सा0 ग्राम छाटा रिपोर्ट दर्ज करायी कि विगत रात करीब 08.30 बजे इसका लड़का हरकिशन बस्ती तरफ से अपनी मोटर सायकल से घर की तरफ आ रहा था। हमारे पडोस में रहने वाली नुपुर अपने बच्चे एवं पति व दोनों देवर के सांथ रोड में बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से मोटर सायकल चलाते हुए निकला तो नुपुर घटे उसे बोली कि अरे तू गाडी कैसे चला रहा है, मेरे बच्चे को मार डालेगा क्या कहकर गाली गलौज करने लगी। उसके पीछे नुपूर का पति शंकर, शंकर के भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी आ गये। प्रदीप स्टील का पाइप तथा शंकर और ज्ञानेश्वर हांथ में डंडा लेकर मेरे घर के दरवाजे के सामने हरकिशन का कालर पकडकर खींचते हुए बेदम मारपीट करने लगें और रोड किनारे बनी पक्की नाली मे जोर से ढकेल दिया।उनके मारपीट करने व ढकेलने से हरकिशन बेहोश जैसा हो गया। तो चारो वहां से चले गये। प्रार्थीया अपने बहू सोनी के सांथ हरकिशन खुटियारे को नाली से उठाकर घर लाये और घर अंदर पलंग में सुला दिये। हरकिशन को खाना खाने के समय उठाये तो नही उठा कोई आवाज नही दिया फिर उपचार कराने अस्पताल ले गये थे। बाद में पता चला कि हरकिशन को अदरूनी चोंट के कारण मृत्यु हो गई है। रिपोर्ट पर थाना उतई में अपराध क्रमांक 177/2025 धारा 296, 115(2),105,3(5) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपीगण का पता हेतु टीम रवाना किया गया। जो आरोपी शंकर घटे उम्र 30 साल, श्रीमति नुपुर घटे उम्र 25 साल, प्रदीप भोगरे उम्र 20 साल, ज्ञानेश्वर भोगरे उम्र 24 साल हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया। जो अपना जुर्म करना स्वीकार किये। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उत ईनिरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरी0 कमल सिंह सेंगर उप निरी0 प्रमोद कुमार सिन्हा, प्र0आर0 महेश देवांगन आर0 धुवनारायण चंद्रकार, राजीव दुबे, दुष्यंत लहरे, हुलेश्वर साहू, मुकेश यादव, दिलीप सिदार लक्ष्मी नारायण,शिखर भट्ट, म0 आर0 पूजा सोनकर, बिंदु भाले की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# खारुन ग्रीन्स कॉलोनीवासियों ने भारतीय सेनाओं की सलामती के लिए की पूजा पाठ और मांगी दुआएं

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** देश के वीर सपूत इन दिनों सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए दुश्मनों से लड़ रही है ऐसे में प्रत्येक देशवासियों को उनके लिए प्रार्थना करना चाहिए शनिवार को वायु सेना, जल सेना, थल सेना और आर्मी के जवानों सहित देश के सैनिकों की रक्षा सुरक्षा के लिए तथा भारत को विजय प्राप्त हो और अंतरराष्ट्रीय साजिशों से देश सुरक्षित रहे ऐसी धारणा लेकर खारुन ग्रीन्स कॉलोनी कुम्हारी के लोगों ने हनुमान जी से प्रार्थना करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ, संकट मोचन हनुमानाष्टक का पाठ, साथ ही शिव भोलेनाथ की आरती, माँ जगदम्बा की आरती तथा शक्तिदाता हनुमान जी की आरती की गई। इस अवसर पर विशाल ताम्रकार ने कहा की सेना का जवान भी किसी का बेटा, किसी का पिता और किसी का सुहाग होता है, वैसी ही नारी शक्तियाँ भी, किसी की बेटी, किसी की माँ, किसी की पत्नी होती है ये सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाकर हम सभी देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं जिनकी वजह से ही आज हमसब चैन की सांस ले पा रहे हैं। हम सभी ईश्वर से उन सभी के लिए प्रार्थना करते हैं साथ ही देश देश मे बैठे गद्दारों पर भी हमे नजर रखनी होगी आज हमसब को एकजुट होना होगा।



समाजसेवी रामाधार शर्मा ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने दुश्मनों की कमर तोड़ दी है, सभी देशवासियों से आग्रह है कि वे अपने क्षेत्रों में भी सैनिकों के लिए प्रार्थना करें।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र दुर्ग में आयोजित जनरल परेड की ली सलामी

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** शुक्रवार को रक्षित आरक्षी केन्द्र, जिला दुर्ग में जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड की सलामी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) जिला-दुर्ग श्रीमती पद्मश्री तवंर, रापुसे. द्वारा ली गई।उसके पश्चात् परेड में सम्मिलित अधिकारी/कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण किया गया। उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।इसके पश्चात् शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी *भारी वाहनों के रख-रखाओं का जायजा लिया जाकर वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत दिया गया।परेड में चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (लाईन), हेमप्रकाश नायक, उप पुलिस अधीक्षक, हरीश पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी, अनूप लकड़ा, पुलिस अनु. अधिकारी पाटन, सउनि. पुरूषोत्तम यादव, रक्षित केन्द्र एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



# अवैध अप्रवासियों, बिना सूचना के रह रहे किराएदारों की चेकिंग

### प्रातः शारदापारा छावनी, केएलसी खुर्सीपार एवं जोन-3 खुर्सीपार में पुलिस का व्यापक अभियान

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** आज प्रातः थाना छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी. एवं जोन-3 में किराए से निवास करने वाले व्यक्तियों एवं बिना सूचना के रह रहे अवैध अप्रवासियों की जांच की गयी।शारदापारा छावनी में सत्य प्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में लगभग 200 व्यक्तियों की इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गई।जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर लोग किराए का मकान लेकर रहना पाया गया।

जांच के उपरांत 70 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए।के.एल.सी. खुर्सीपार में हरीश पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी एवं जोन-3, खुर्सीपार में हेम प्रकाश नायक, उप अधीक्षक के नेतृत्व में 389 नागरिकों की, इनके आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गयी। जांच के उपरांत 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्ट लिए गए।बाहरी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग एवं अवैध अप्रवासी नागरिक जो अपनी पहचान छिपाकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहे हैं।तथा औद्योगिक इकाईयों, भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों की पहचान हेतु इनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किए गए।कॉस वेरिफिकेशन किया गया। कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिण्टलिए गए।दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि उनके यहां जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना/चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों (आधार कार्ड/वोटर आईडी / पहचान पत्र/राशनकार्ड) के साथ संबंधित थाना/चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में एवं किराएदार की किसी भी मामलें में संलिप्तता पाए जाने पर किराएदार के साथ-साथ मकान मालिक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

# भारत की सैन्य शक्ति, सामर्थ्य बढ़ने से पूरी दुनिया आश्चर्य चकित है: विजय बघेल

### हम सब अपने सैनिकों की सुरक्षा, शक्ति, हौसला तथा उनके परिजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिदिन की पूजा में प्रार्थना करें : सांसद बघेल

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा है कि आज भारत देश की सैन्य शक्ति,सामर्थ्य बढ़ने से पूरी दुनिया आश्चर्य चकित है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में देश की सैन्य शक्ति इतनी बढ गई है कि दुश्मन देश,भारत पर एक भी हमला करने में सफल नहीं हो सका है।देश की चौतरफा प्रगति से आम जनता का भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर भरोसा बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम, प्रतिदिन पूजा करते समय अपने सैनिकों की सुरक्षा उनकी शक्ति, सम्बल और हौसला बढ़ाने के लिए भगवान से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रार्थना बड़ी ताकत होती है।हम युद्ध के मैदान में लड़ने नहीं तो नहीं जा सकते लेकिन,अपने देश की सुरक्षा के लिए ऐसी प्रार्थना तो जरूर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी ने भारत माता और अपने वीर सैनिकों के सम्मान में, गली- गली में हर जगह तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है हम सब यह तिरंगा यात्रा हर जगह पूरे शान और सम्मान के साथ निकालेंगे। सांसद विजय बघेल ने भारतीय जनता पार्टी के अंजोरा मंडल और अण्डा मंडल के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए उक्ताशय की बातें कही।उन्होंने कहा कि भारत ने चारों दिशा में प्रगति की है। और आज जब पाकिस्तान से युद्ध लड़ने की नौबत है। तो भारत ने वह कर दिखाया है। जैसा कोई देश सोच भी नहीं सकता। दुनिया के बड़े-बड़े देश भारत की सफलता से आश्चर्यचकित है। दुश्मन देश एक हमला नहीं कर पा रहा है। देश की तीनों सेना के सैनिक अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि लगातार बैठकों,मिलने जुलने,बातचीत से संबंध प्रगाढ़ होते हैं।हम सब पार्टी का जो निर्देश होता है, जो कार्यक्रम बनते हैं, उसके अनुसार काम करते हैं।यहां पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रमों, सरकार की योजनाओं को गांव-गाँव तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीसरी बार भरोसा किया है। और उनका हाथ मजबूत किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी का साथ रहा है जिसके चलते उन्हें लोकसभा चुनाव में दूसरी बार इतने भारी वोटो के अंतर से जीत मिली है। और संसद में इतने कड़े निर्णय लेने के साक्षी बनने का अवसर मिला है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान हासिल करने वाली नगपुरा की छात्रा वैष्णवी देवांगन का सम्मान भी किया गया।वैष्णवी के पिता गोपाल देवांगन बिजनेसमैन और माता श्रीमती धनेश्वरी देवांगन गृहणी हैं।



वैष्णवी प्रारम्भ से ही मेधावी छात्रा रही है।कार्यकर्ता सम्मेलन में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री श्रीमती रामशिला साहू, जागेश्वर साहू, जिला भाजपा दुर्ग के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विमल चोपड़ा कुंलेश्वरी देवांगन, हेमंत सिंह गिरीश साहू इत्यादि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।सांसद विजय बघेल ने अंडा कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। लेकिन पाकिस्तान बोल रहा है कि उसने युद्ध छेद दिया है।पाकिस्तान फुस्की बम फोड़ रहा हैं। देश में जो 65 वर्षों के दौरान कभी नहीं ही नहीं हुआ वो काम मोदी के नेतृत्व में हों रहा।आज हम सभी का मान सम्मान बढा हैं।

मोदी के नेतृत्व में देश में जो काम हुए हैं।उससे प्रत्येक कार्यकर्ता को हर जगह सम्मान मिलता है।और भाजपा की सरकार पर आम जनता का भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कड़े निर्णय किए।और उसका देश को काफी फायदा मिला है।किसी भी देश ने अब तक आतंकवाद पर चौतरफा हमला नहीं किया है।लादेन के खात्मे के लिए अमेरिका ने हमला किया। लेकिन उसमें भी भारत का सहयोग रहा था।आज भारत देश, पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डो पर चारों तरफहमला कर उसे धवस्त कर रहा है।विश्व में आतंकवादियों को जन्म देने वाला पाकिस्तान ही है।आतंकवाद से पुरा विश्व परेशान हैं। लेकिन अब भरोसा है कि,वह दिन दुर नहीं जब दुनिया को आतंकवादियों से मुक्ति मिल सकेगी।

# खाद्य मंत्री ने 600 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज संबलपुर गांव में मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क पुराना पंचायत भवन से श्री आनंद कुर्रे के निवास तक लगभग 600 मीटर लंबाई में बनाई जाएगी, जिस पर लगभग 51.12 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री खोरबाहरा राम साहू, श्री अजय साहू, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, श्रीमती तारकेश्वरी, श्री छेदीराम साहू, जनपद सदस्य श्री टार्जन साहू, श्री राकेश राजपूत सहित ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोताई सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विकास से आवागमन में सुविधा होगी और गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।



**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**//सूचना-पत्र//**

क्रमांक/686/वाचक/तह./2025
पामगढ़, दिनांक 24/04/2025

प्रति,
1. दानेश्वर प्रसाद, 2. दिलीप कुमार, 3. विभु कुमार, 4. अशोक कुमार, 5 विजय कुमार पिसरान बुद्धेश्वर, 6. बिरम बाई बेवा बुद्धेश्वर सभी जाति सूर्यवंशी ग्राम पनगांव तहसील पामगढ़

एतद् द्वारा समस्त अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्तिकराम पिता छेदीलाल जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम पनगांव तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पनगांव में आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर शामिलात खाते की भूमि खसरा नंबर 2/4, 40/5, 65/1/क, 71/1, 71/2, 83/2, 135/1, 298/4, 358/1, 386, 739/2, 772/1 रकबा क्रमशः 0.154, 0.049, 0.182, 0.202, 0.134, 0.167, 0.020, 0.117, 0.113, 0.006, 0.049, 0.077, 0.012, 0.049 हे. कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 1.331 हे. भूमि अवस्थित है। वादभूमि का आपसी बंटवारा आवेदक एवं अनावेदकगण के बीच हो गया है तथा आपसी बंटवारा अनुसार कब्जा कास्त करते चले आ रहे हैं। आवेदक एवं अनावेदकगण के बीच आपसी बंटवारा कब्जा के अनुसार के लिए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 13/05/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# क्षेत्र का अधिक से अधिक दौरा कर आमजनों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास आगे भी जारी रहे : सीएम

» मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पाँचवे दिन महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाजार,भाटापारा जिले के कार्यों की समीक्षा बैठक ली

» मार्च 2026 तक तीन साल से ज्यादा लम्बित राजस्व मामलों को सभी जिले अनिवार्यता निपटा लें




**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों का दौर जारी है जहाँ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ले रहे हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाजार के कलेक्टर.एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उन के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। आमजनों को मिलने वाली बुनियादी सुविधायें जैसे सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था और स्थिति की समीक्षा बैठक में हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जोर दिया कि जिलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर.एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं,माँग, शिकायतों को दूर करें। जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार की बधाई देते हुए अधिकारियों से कहा कि जिस समर्पण और परिश्रम के साथ आप सभी ने इस महाअभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है प्रशंसनीय है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान के साथ जनसंवाद को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा जनता के दुख दर्द को कम करने उन तक पहुंचने कहते हैं। अतः अपनी पूरी ऊर्जा, प्रतिबद्धता और विनम्रता के साथ लोगों से मिलें और अपने दायित्व का निर्वहन करें। इसलिए हमें स्वयं जनता के बीच जाना होगा। वे स्वयं औचक निरीक्षण कर जिलों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की लगातार समीक्षा कर रही हैं समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ है कि जो अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय रहे, उन्हें जनसमस्याओं की गहरी समझ रही। एक सक्रिय और सफल अधिकारी वही होता है जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जहाँ पेयजल की समस्या है उनका निराकरण प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसके लिए पहले से तैयारी करें और जिन क्षेत्रों में यह समस्या आ रही उनका चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त को जिलों में विशेष शिविर लगाकर प्रकरण निपटाने पर जोर दिया। बैठक में तीनों जिले के कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मार्च 2026 तक तीन साल से अधिक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महती योजना है। लोगों को पक्का आवास देने की इस योजना के क्रियान्वयन में कोई कोताही ना बरती जाये। राज्य में जमीन रजिस्ट्री को लेकर की गई दस नई क्रांतिकारी पहल का बैठक में जिक्र किया ताकि हितग्राहियों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार जिलों में हो और उन्हें इस महती योजना का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में जो भी दिक्कत आ रही उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दि । बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, संस्थागत प्रसव, सिकल सेल स्क्रीनिंग टेस्ट, जल जीवन मिशन में स्वीकृत और प्रगतिरत कार्य, लोक सेवा केंद्रों के प्रकरणों के निपटारे, खाद बीज भंडारण, वितरण, फसल चक्र परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयास, गर्मी और आगामी मानसून के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रयोजन की जिलावार समीक्षा की गई। विभिन्न पेंशन प्रकरणों, आश्रम छात्रावासों में स्वीकृत सीट, रिक्त पद आदि की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ऐसे जिलों को जहाँ 10 एवं 12 वी बोर्ड के नतीजे संतोषजनक नहीं आए हैं वहाँ ज्यादा बेहतर नतीजे लाने पर ध्यान देने कहा। संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष बल देते हुए कहा कि एक महीने बाद मानसून आ जाएगा अतः अभी अधोसंरचना से जुड़े काम जैसे स्कूलों के जीर्णोद्धार, सड़कों की मरम्मत के कार्यों को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में तीनों जिलों में लोगों की सड़क हादसों से सुरक्षा संबंधी उपाय, कारण आदि की समीक्षा करते हुए लोगों में जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार कलेक्टर, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने राज्य सरकार मना रही सुशासन तिहार : सीएम साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महासमुंद जिले के दौरे पर शुक्रवार शाम पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी को पता है कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसका तीसरा चरण 5 मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इस दौरान वे स्वयं, उनके मंत्रीगण, सांसद, विधायक समाधान शिविरों में भाग ले रहे है और कई स्थानों पर औचक निरीक्षण भी कर रहे है। स्कूलों और अस्पतालों में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा। इस दौरान जिला प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल,महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर,पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि समाधान शिविर में बलौदाबाजार.भाटापारा जिले के बलदाकछार गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर जाना कि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें वास्तविक रूप में मिल रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। पूरे प्रदेश में अगले छह माह में 5000 और एक वर्ष में 11,000 से अधिक पंचायतों में ये सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसी के अंतर्गत समाधान शिविर में पहुंचे श्री साय ने बलदाकछार अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिससे ग्रामीण नागरिकों को अपनी पंचायत में ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी। जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इसके बाद गरियाबंद जिले के मड़ेली गांव में समाधान शिविर में शामिल हुए। वहां उन्होंने ग्राम पंचायत मड़ेली में एक अत्याधुनिक 132 केवी विद्युत सब.स्टेशन और उससे जुड़ी लाइन की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे आसपास के गांवों को स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राजिम से छुरा ;बेलटुकरी होते हुए सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए 147 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है, जिससे आवागमन बेहतर होगा और क्षेत्रीय विकास, व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि उन्होंने महासमुंद जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित पाया तथा जिस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही हल कर लिया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सभी जिलों का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला कलेक्टर स्तर पर ही हो रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है। प्रेस वार्ता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ छग के 3 लाख घरों में

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 11, 12 मई को राष्ट्रीय एकता व समता का भाव जगाने, देश को सबल, सशक्त बनाने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने,आतंकवाद को निरस्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ के लगभग 3 लाख घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न होने जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा अपील की गई है कि आप भी परिवार सहित अपने अपने घरों में सरल, संक्षिप्त विधि से यज्ञ करें।

### अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस थाना मगरलोड को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम भरदा नहर पुल के पास बोड़रा में एक व्यक्ति शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर तत्काल मगरलोड पुलिस द्वारा ग्राम भरदा नहर पुल के पास बोड़रा में रेड कार्यवाही कर अवैध रुप से शराब बेच रहे आरोपी कुंजल कंवर पिता मदन कंवर उम्र 35 वर्ष साकीन रांकाडीह के कब्जे से थैले के अंदर 38 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 एम. एल.भरी हुई कीमती 3040/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मगरलोड में अप.क्र. 66/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

## नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ : विधायक

**समवेत शिखर संवाददाता**



**महासमुंद।** नवविवाहित महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हैं उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की हमारी नवविवाहित बहनों से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

हमारी सरकार ने जो कहा है वो करके दिखाया है इसलिए यह घोषणा भी जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। यह हमारे चुनावी घोषणा पत्र में था, जिसे मोदी जी की गारंटी के तहत पूरा करते हुए मार्च 2024 से योजना का लाभ प्रदेश की माताओं बहनों को मिल रहा है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जो सतत रूप से जारी अब इसका विस्तार होने जा रहा है। अब और नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को अचानक मनेंद्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाई और शासकीय योजनाओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही नवविवाहित महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगाए ताकि वह भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। योजना चाहे केंद्र की हो या राज्य की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाने में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सुशासन तिहार के माध्यम से खुद मुख्यमंत्री जनता से मिल रहे हैं। वह प्रत्येक योजना की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही जनता की समस्याओं से भी जुड़कर उनका समाधान कर रहे हैं।

## वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएम को पार्षद भाऊराम ने सौंपा ज्ञापन

**समवेत शिखर संवाददाता**



**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड क्र 25 डॉ राधाकृष्णन वार्ड के पार्षद भाऊराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर वार्ड में विभिन्न कार्यों की मंजूरी के लिए ज्ञापन सौंपा।

श्री साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके वार्ड क्र.25 में गरीब तबके लोग निवासरत हैं। वार्ड शासकीय भूमि पर गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास बनाकर उनके लिए पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसके लिए स्वीकृति देने का निवेदन किया। इसके अलावा वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों व मांगों से भी उन्हें अवगत कराया। पार्षद भाऊराम ने सीएम को बताया कि वार्ड 25 में स्थायी आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क, नाली, पेयजल हेतु बोर खनन एवं ओवर हेड टंकी निर्माण की आवश्यकता है। साथ ही वार्ड में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट, गरीब परिवारों को भूमि स्वामी पट्टा प्रदान करने, सार्वजनिक शौचालय, वार्ड के चौक.चौराहों पर रंगमंच बनाने संबंधी आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्षद श्री साहू द्वारा की गई सभी मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## वार्ड 6 में बोर का शुभारंभ



**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुन्द।** वार्ड क्रमांक 6 स्थित देवार डेरा के आगे बोर में भीषण गर्मी को देखते हुये एक इंच नयी मोटर पम्प डाला गया।

बटन दबाकर नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी वार्ड क्रं 6 पार्षद सीता डोन्डेकर व पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने शुभारम्भ किया। बोर में नये पम्प से आसपास निवासरत लोगो को पानी उपलब्ध हो पायेगा मोहल्ले वासियो में खुशी की लहर है लोगो को सुझाव दिया गया कि पानी की बर्बादी न करे जब पानी की जरूरत हो तब ही बोर चालू करे।

## मां सबकी जगह ले सकती है, पर मां की जगह कोई नहीं ले सकता : लता वैष्णव

**मदर्स डे पर विशेष**

**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुन्द।** दुनिया भर में मई माह के दूसरे रविवार को ही मां का दिन अर्थात मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम 1908 में अमेरिका की एना रीव्स जार्विस नामक महिला ने अपनी मां की स्मृति में की थी।

एना की मां एक समाज सेविका थी और उन्होंने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए कई कार्य किए थे । मई माह में ही एना की मां की मौत हुई थी, उन्होंने अपनी मां को श्रद्धांजलि देने के लिए मई माह के दूसरे रविवार को ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था । तब से प्रतिवर्ष मदर्स डे मनाने की शुरुआत हुई। सबसे पहले ग्रीस देश में मदर्स डे का उत्सव बसंत ऋतु में रिया के सम्मान में मनाए जाने वाले उत्सवों से शुरू हुआ,जो प्राचीन ग्रीक सभ्यता के अनुसार देवताओं की माता है। तब से यूनाइटेड किंगडम में मदर्स डे मनाया जाता था, और यह लोगों के लिए चर्च जाने और बपतिस्मा लेने का दिन बन गया । इसके पश्चात धीरे.धीरे पूरी दुनिया में मदर्स डे मनाने की परंपरा चल पड़ी। हमारी भारतीय संस्कृति में मां की तुलना ईश्वर से की गई है स शास्त्र अनुसार मनु और शतरूपा नाम के दो स्त्री पुरुष ने मिलकर सृष्टि का आरंभ किया है मनु से मनुज यानी मानव बना इसी मनु की संतान को जन्म देने वाली शतरूपा को मां कहा गया। जिसने पृथ्वी में मानव को जन्म दिया। यहां तक की वेद पुराणों में भी मां की ममता और महिमा का बखान किया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में लिखा गया है मातृ देवो भवः यानी मां देवताओं से भी बढ़कर होती है। मां को भगवान का स्थान दिया गया है क्योंकि मां त्याग की मूर्ति ,करुणा का सागर ,सागर की भांति अपने अंदर दुख दर्द को समेट कर रखने वाली ,कटु वचन को सहन करने वाली मां ही होती है । मां एक ऐसा शब्द है जिसमे पूरा ब्रह्मांड समाहित है। मां बच्चों की पहली गुरु होती है जो अपने बच्चों को शिष्टाचार से लेकर बुनियादी जीवन कौशल तक सब कुछ सिखाती है, मां हमें जन्म देने के साथ.साथ जीवन जीने की कला भी सिखाती है। मां की पूरी दुनिया अपने बच्चों के इर्द गिद ही होती है ।

मां से बढ़कर कोई सच्चा दोस्त नहीं हो सकता वह अपने बच्चों के सारी कठिनाइयों को दूर कर देती है । उनके चेहरे में जरा सी भी सिकन या थकावट नहीं होती। मां वो होती है जो अपने बच्चों के बिना कहे हर बात को समझ लेती है ,मां की ममता का कोई मोल नहीं होता और ना ही कभी कम होता है। हर बात मुस्कुरा कर छिपा लेना मां की आदत में शामिल होता है । दुनिया में यदि सुकून है तो वह मां के आंचल में ही संभव है ,उनके स्पर्श में वह जादू है जो हमें संबल प्रदान करती है । हमारी हिम्मत को टूटने नहीं देती है। संस्कृत में कहा गया है,नास्ति मातृसमा छाया एनास्ति मातृसमा गतिः। नास्ति मातृ समं त्राण, नास्ति मातृ समा प्रिया । अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं, माता के समान कोई सहारा नहीं ,माता के समान कोई रक्षक नहीं और माता के समान कोई प्रिय चीज नहीं है। सभी माता, अपने बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ,वह अपने बच्चों की हर जरूरत का ख्याल रखती है। मां के लिए क्या लिखूं मां ने तो खुद मुझे लिखा है। मां से छोटा कोई शब्द हो तो बताओ ,मां से बडा भी कोई हो तो बताओ । लोग कहते हैं आज मां का दिन है वह कौन सा दिन है जो मन के बिन है। मौत के लिए ईश्वर ने तो कई रास्ते बनाएं लेकिन जन्म देने के लिए केवल मां ही है। प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य ,मातृमान । अर्थात धन्यवाद उस माता को जिन्होंने गर्भाधान से लेकर जब तक पूरी विद्या न हो तब तक सुशीलता का उपदेश दे ऐसी माता को आज मेरा शत.शत नमन ।

## फसल चक्र परिवर्तन और दलहन तिलहन की खेती पर की गई चर्चा

### कलेक्टर हुए शामिल-प्रगतिशील किसानों से कुछ नया व बेहतर करने दी समझाइश

**समवेत शिखर संवाददाता**



**धमतरी।** खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मथुराडीह में आयोजित किसान चौपाल में किसानों ने दलहन-तिलहन फसलों के अलावा फसल चक्र परिवर्तन में गांव और किसानों के जीवन मे आये बदलाव की चर्चा हुई। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान चौपाल में आसपास के प्रगतिशील किसान आयें हुए है, जिन्होंने पारम्परिक खेती को छोड़कर आधुनिक खेती अपनाई और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे है। क्षेत्र के किसानों के लिए यह अच्छा अवसर है, वे इन प्रगतिशील किसानों की बातों को सुनें और उनकी पद्धति अपना कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारा जिला उत्कृष्ट किसानों से परिपूर्ण है, जो कोदो, रागी, मिलेट्स, चना बीज उत्पादन और फसल चक्र अपनाकर जल संरक्षण में भी अपना सहयोग दें रहे है।कलेक्टर ने कहा कि अब समय आ गया है कि धान की पारम्परिक खेती को छोड़कर किसान नगदी फसल, पशुपालन, उद्यानिकी फसल की ओर कदम बढाया जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आप सभी की सुविधा के लिए यहां कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य समवर्ती विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये है, जहां आप किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते है। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि जिले में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ ने किसान राजकुमार सिन्हा और तोमन सिंह ध्रुव को बीज भी वितरित किया।किसान चौपाल में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए इन शिविरों का आयोजन अच्छी पहल है। किसान चौपाल में जब किसान अपने अनुभव बताते है, तो दूसरे किसानों को इसका लाभ मिलता है। उन्होंने अपनी समस्याओं को विभागों के समक्ष रखने कहा ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

## बागबाहरा स्कूल में 10वीं का परीक्षा परिणाम 79% रहा

**समवेत शिखर संवाददाता**



कु. खुशी देवांगन कु. भाविका राजपूत कु. कल्पना देवांगन

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में बागबाहरा शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्था नरबदी देवी मुंशीलाल हाई स्कूल बागबाहरा में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा । संस्था की छात्रा कु खुशी देवांगन पिता धनंजय देवांगन ने 95.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कु भाविका सिंह राजपूत पिता श्री नारायण सिंह राजपूत 87.16 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान कु कल्पना देवांगन पिता श्री महेश देवांगन 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। कु खुशी देवांगन पिता धनंजय देवांगन ने 95.66 अंक के साथ बागबाहरा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बागबाहरा शिक्षा समिति के अध्यक्ष माननीय देवीचंद जी ,श्री श्री माल सचिव लालचंद जैन जी, संरक्षक श्री अजय तिवारी जी, श्री सुरेश अग्रवाल जी, श्री हाजी अब्दुल रज्जाक भाई जी,श्री संतोष अग्रवाल जी ,सुश्री मंजू कालिया जी,श्री दीपक अग्रवाल जी , श्री महावीर चंद जैन जी श्री लखबीर छाबड़ा जी एवम समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों तथा संस्था की प्राचार्या श्रीमती दीपा श्रीवास्तव जी एवम समस्त शिक्षकगण व कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं । यह जानकारी नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाई स्कूल बागबाहरा की प्राचार्या द्वारा दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रबंधन की बैठक



**गरियाबंद।** आपदा प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला चिकित्सालय गरियाबंद के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अस्पताल आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई ।जिसमें यूनिसेफ के डॉ गजेंद्र सिंह के अध्यक्षता में जिला प्रशासन गरियाबंद अंतर्गत पुलिस विभाग,अग्निशमन विभाग, आपदा मोचन बल,और जिला चिकित्सालय,एम्बुलेंस सेवा और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। किसी भी प्रकार के आपदा होने पर त्वरित रूप से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाते हुए प्रभावी ढंग से कार्य करते हुए चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर जनहानि को रोकना इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में शामिल प्रतिनिधियों ने आपदा में पूरा सहयोग करने हेतु सहमति जताई। बैठक में प्रमुख रूप से यूनिसेफ के हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ गजेंद्र सिंह और निधि दुबे, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल,डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े ,डॉ सुनील रेड्डी और डॉ. शंकर पटेल,जिला चिकित्सालय से वरिष्ठ सर्जन डॉ हरीश चौहान,पोखराज सिंह और स्टाफ नर्स सुनीति साहु,मनीषा ध्रुव, अग्निशमन विभाग से जितेंद्र सिंह,पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक के.एस.ठाकुर सहित जिला चिकित्सालय के सभी स्टॉफ उपस्थित थे।

### टाटा ईतवारी एक्सप्रेस के रद्द होने रेल यात्री होंगे परेशान

**भाटापारा।** विभिन्न निर्माण कार्यो के चलते तथा प्री एन आई और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर जोन मे चलने वाली ट्रेन क्रमांक 18109 टाटा नगर ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन तथा 18110 ईतवारी टाटा नगर एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 11 से 17 मई तक के लिये निरस्त कर दिया गया है। उक्त महत्वपूर्ण ट्रेन के रदद होने से छत्तीसगढ राज्य के रायगढ, खरसिया, चांपा, अकलतरा, नैला जांजगीर, बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा नेवरा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव व डोंगरगढ सहित अन्य तमाम स्टेशनो के हजारो रेल यात्रियो को परेशानी से जूझना पडेगा। रेल्वे सूत्रो ने बताया है कि रेल लाईन पर आवश्यक कार्य के चलते हीं उपरोक्त ट्रेनो को रदद किया गया है।

### सुशासन तिहार को सुशील ने बताया ढकोसला

भाटापारा। पूर्व कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को जनता जनार्दन के साथ एक ढकोसला बताते हुए कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गये झूठे वायदों एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है इस तिहार में ग्रामीण जनता को भ्रमित कर जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी गण बुला रहे है समस्याओं के निराकरण की जगह पर सिर्फ आश्वसान दिया जा रहा है, समस्याओं के निराकरण करने में अधिकारी और भाजपा नेताओं की दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है, सिर्फ अपना स्वागत और झूठी तारीफ करवाकर मुख्यमंत्री का यशोगान अधिकारी कर रहे है, कांग्रेस पार्टी के सरपंचों को मंच से दरकिनार किया जा रहा है व उनके गांव की समस्याओं को उपेक्षित किया जा रहा है, जहां जहां भाजपा समर्थित सरपंच जीते है उन्हीं बड़े गांवों में शिविर का आयोजन कर आसपास के लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं के तत्काल निराकरण करने आमंत्रित किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम मे विधायक इंद्र साव और किसी भी कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं को सूचना भी नहीं दी जा रही है ऐसी मनमानी और तानाशाही कर सुशासन तिहार के नाम पर अपनी ढपली अपना राग की कहावत को भाजपा सरकार चरितार्थ कर रही है, ये भाजपा सरकार जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई को सरकारी खजाने से करोड़ों रूपये खर्चा कर धनराशि का अपव्यय कर रही है।



# गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

### 64 हजार 547 प्रकरणों का हुआ निपटारा

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशन पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में संचालित न्यायालयों,किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजिम व देवभोग के व्यवहार न्यायालयों एवं राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों में 10 मई 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 4 खण्डपीठों का गठन किया गया था।नेशनल लोक अदालत में कुल 64 हजार 547 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 54 लाख 56 हजार 29 रूपये का एवार्ड पारित किया गया है।



तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद बी आर साहू की गठित खण्डपीठ में कुल 53 लंबित एवं 1650 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 1 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 14 लाख रूपये का एवार्ड पारित किया गया वही 89 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6 लाख 75 हजार 278 रूपये का एवार्ड पारित किया गया।

इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 90 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 20 लाख 75 हजार 278 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद श्रीमती अनिता ध्रुव की गठित खण्डपीठ में 294 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 4 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 50 पचास हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया तथा समरी मामले सहित 176 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 117 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 26 लाख 46 हजार 600 रूपये की राशि अदा करायी गयी।इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 470 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 26 लाख 96 हजार 600 रूपये का एवार्ड पारित किया गया।प्रशान्त कुमार देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद की गठित खण्डपीठ में 286 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे,जिनमें 7 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 81 हजार 531 रूपये का एवार्ड पारित किया गया समरी मामले सहित 23 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 8 लंबित मामलों का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 15 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 81 हजार 531 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। प्रशान्त कुमार देवांगन प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालयगरियाबंद की गठित खण्डपीठ में राजीनामा योग्य लंबित 11 प्रकरण रखे गये थे तथा श्रीमती कांची अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी देवभोग की गठित खण्डपीठ में 432 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे,जिनमें 5 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 27 हजार 200 रूपये का एवार्ड पारित किया गया तथा समरी मामले सहित 413 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 413 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 1 लाख 48 हजार 200 रूपये की राशि अदा करायी गयी।इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 418 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1 लाख 75 हजार 400 रूपये का एवार्ड पारित किया गया।

# विधायक से डीएड अभ्यर्थियों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इन्द्र साव के निवास पर तमाम डी एड अज्यर्थी ने मुलाकात करते हुये अपने मांगो के समर्थन मे ज्ञापन सौंपकर उनके हित मे उचित पहल करने की मांग की है।

अभ्यर्थियो ने इन्द्र साव को बताया कि पूर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अज्यर्थियो को एक अनुपात एक मे बुलाया जाता है किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसिलिंग मे अपात्र व्यक्तियो का नाम भी सम्मलित हो जाता है जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अज्यर्थियों का नाम काउंसिलिग मे शामिल नहीं हो पा रहा है। अज्यर्थियों ने विधायक इन्द्र साव से कहा कि वे इनकी बात को शासन तक पहुंचावे तथा एक अनुपात दो मे काउंसिलिंग की प्रक्रिया लागू करावे उक्त संबंध मे इन्द्र साव ने कहा कि आप सब की मांग को पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री तक रखकर पूरी पारदर्शिता से निर्धारित समय सीमा मे भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिये रखूंगा। अवसर पर बडी संख्या मे डीएड अज्यर्थी मौजूद थे। उक्ताशय की जानकारी जीतनारायण साव ने दी है।

# ग्राम पंचायत आमदी-म में फिर दिखी सरपंच पति की मनमानी

### मोहल्लेवासियों की सहमति बिना तुड़वा दिया कूड़ादन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत आमदी में सरपंच पति द्वारा पंचायत के कामकाज में हस्तक्षेप और मनमानी का मामला एक बार फिर उजागर हुआ है।इस बार उन्होंने मोहल्लेवासियों की सहमति के बिना चार साल पुराने सार्वजनिक कूड़ादान को तुड़वा दिया,जिससे मोहल्लेवासियों में गहरी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से स्थापित कूड़ादान को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हटा दिया गया है,जिससे कचरा निस्तारण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार,चार साल पहले शिक्षक कालोनी के वॉर्ड क्रमांक 9 में सरकारी पैसे से ही मोहल्ले के लिए एक बड़ा कूड़ादान रखा गया था,जहां गांव का सारा कचरा एकत्रित किया जाता था।परंतु हाल ही में उसे अचानक हटा दिया गया और अब मोहल्लेवासियों के पास कचरा फेंकने के लिए कोई निश्चित स्थान नहीं बचा है।इसका नतीजा यह है कि कचरा अब सड़कों पर बिखर रहा है,जिससे न सिर्फ कालोनी की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं।मोहल्लेवासियों ने कहा कि कूड़ादन हटाने के पहले हमसे कोई राय नहीं ली गई। कूड़ादान हटाने की कोई जरुरत नहीं थी। इससे कालोनी की सफाई व्यवस्था चरमरा जाएगी। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच पति,जो पेशे से व्यायाम शिक्षक हैं उसके द्वारा पंचायत के हर काम में हस्तक्षेप करते हैं और निर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों को दरकिनार कर फैसले लेते हैं।उनका कहना है कि पंचायत का काम केवल निर्वाचित प्रतिनिधि और ग्राम सभा के माध्यम से ही चले,न कि उनके परिजनों के इशारों पर।



ज्ञात हो कि इसके पहले भी सरपंच पति ने तिवारी परिवार द्वारा वर्षों पूर्व बनाए गए पूर्वजों के मठ को भी तुड़वा दिया था जिसके बाद पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस थाना में सरपंच पति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस कार्यवाही लंबित है।1 महीने के भीतर सरपंच पति के पंचायत कार्यो में दखल और मनमानी का यह दूसरा मामला सामने आ गया है।इन सब मामलों को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखने लगा है जो कभी भी बड़ा रूप ले सकता है, जबकि पूर्व से पंचायतों में चुने गए महिला जनप्रतिनिधि के पति को पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप न करने का निर्देश भी जारी किया जा चुका है।

# आरंग स्कूल में 12वीं बोर्ड में श्रेया ठाकुर बनी नगर की टॉपर

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर पालिका आरंग का नाम गौरवान्वित किया है।




इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने नगर पालिका आरंग एवं ब्लाक स्तर पर स्थान प्राप्त किया है । कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा श्रेया ठाकुर ने 92.8% अंक अर्जित कर नगर पालिका आरंग की टापर बनीं एवं इसी विद्यालय के छात्र हिमांशु बंजारे 92% द्वितीय स्थान पर रहे।विद्यालय स्तर की प्रावीण्यता में तृतीय स्थान पर समर कुमार साहू 90%, चतुर्थ स्थान पर अंकिता साहू एवं अक्षत गुप्ता 88%, पंचम स्थान पर सुशील कुमार साहू 87.8%,अनिकेत वैष्णव 83.8%, अक्षांश शर्मा 81.8% एवं प्राची बंजारे 81.6% अंक प्राप्त किए हैं।

कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय स्तर प्रथम स्थान पर विभोर गिलहरे 93.67%,द्वितीय स्थान पर संस्कृति दीवान 92.17%, तृतीय स्थान पर तनिष्क भोंसले 90.50%, चतुर्थ स्थान पर आदित्य शर्मा 90 %,पंचम स्थान पर स्वस्ति गुप्ता 89 %, तथा गरिमा चंद्राकर 87 %, दीक्षा साहू 86 %, प्रियांशु चंद्राकर 85.50%, मानसी चंद्राकर 85.33%, धारणा चंद्राकर 84 %, जागृति साहू 83.83%, विवेक सिंह बघेल 82.50% एवं कनिका वर्मा ने 81.67% अंक अर्जित किए है।

कक्षा बारहवीं के छात्र समर साहू ने जीवविज्ञान विषय में 100 अंक एवं कक्षा दसवीं के छात्र विभोर गिलहरे ने भी गणित विषय में 100 अंक प्राप्त कर विशिष्टता हासिल की।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में सदैव शानदार प्रदर्शन रहा है। संस्था के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, ÷यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हमारा प्रयास है कि हम छात्रों को केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सफलता की राह दिखाएं।

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, एकेडमिक डायरेक्टर एवं सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शिवरतन शर्मा श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंचे



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से हमारा जीवन सार्थक हो जाता है जीवन मे नाकारात्मक विचारो व खबरो से सामना कर रहे लोगो को भागवत कथा जैसे कार्यक्रम मे कथा श्रवण करने से मन की शांति प्राप्त होती है वहीं धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग ईश्वर के उपदेश हमको जीवन मार्ग दिखाते है उक्ताशय के विचार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने लिंक रोड मे चौबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम मे कथा श्रवण के बाद उपस्थित लोगो के बीच कही उन्होने व्यासपीठ पर विराजित कथा व्यास आचार्य युवराज पांडे से आर्शीवाद ग्रहण करते हुये क्षेत्रवासियो के लिये सुख समृद्धि की मंगलकामना की। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा के साथ भाजपा नेता राकेश तिवारी व सुनील यदू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# लॉटरी प्रक्रिया से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में छात्रों का चयन

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025- 26 के लिए छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ।



इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष हरित,कमलेश यदु,राजू साहू, शुभम जैन ,के डी सोनवानी,कमलेश कश्यप, सुमन श्रीवास, ज्योति राजपूत, अशोक सोनवानी , जितेंद्र शर्मा,अंकुर पहाड़िया एवं पालकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई ।जिसमें सबसे पहले कक्षा 1 ली में 50 छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया इस्कक्षा में कुल 130 आवेदन थे वहीं कक्षा पांचवी के लिए एक रिक्त सीट का चयन लॉटरी से किया गया इसमें कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया को धनराज सूर्यवंशी,मनीष हरित और कमलेश यदु ने संबोधित किया और सभी ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों व बच्चो को बधाई दिया। लॉटरी प्रक्रिया में संस्था के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ,महेश साहू,उमेश यदु ,फणेश्वर साहू, माधव देवांगन, विनोद साहू भागवत भार्गव,कृष्णेंदु मंडल,ऋषभ शर्मा,ईश्वर मालाकार,विकास चंद्राकर, देव सिन्हा, टीकम साहू , शुभम साहू, सारिका साहू, विनीता साहू, काजल शर्मा, कृतिका पुंज, खुशबू भट्ट , सृष्टि दीक्षित, गीतांजलि सिन्हा, वर्षा हिरवानी, अंशी कुजूर, कल्पना साहू,चेतना किरण साहू, मनीषा साहू, क्षमेश्वरी बंजारे, सीमा गायकवाड़, शताक्षी शर्मा, समीक्षा तारक सहित सभी शिक्षक व स्टाफ उपस्थित था।

# खराब मौसम और बारिश ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की बढ़ाई चिंता

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** लगातार मौसम खराब होने और बारिश की आशंका ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम खराब ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है।लगातार बैमौसम बारिश होने से तेंदूपत्ता संग्रहण पर बुरा प्रभाव पड़ा रहा है।संग्रहण कार्य पर ब्रेक लग गया है और इसकी खरीदी पर भी ग्रहण लग गया है बारिश और बदलते मौसमके कारण कोई फड़ों में खरीदी का कार्य चालू भी नहीं हो पाया है जिससे तेंदूपत्ता खरीदी प्रभावित हो रही है तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य जोरों पर है लेकिन दोपहर के बाद हो रही लगातार बारिश ने एक बार फिर तेंदूपत्ता संग्राहकों को नुकसान पहुंचाया है अफसरों को मानें तो तैयारी जारी है लेकिन,मौसम में परिवर्तन होने व पिछले दिनों ओलावृष्टि से असर पड़ा है। मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है।पत्तों को तेज धूप रखना होता है फड़ भी गीला है।ऐसे में तेज धूप खिलने पर ही तेंदूपत्ता खरीदी शुरु होगी।ग्रामीणों के आय पर होगा असर तेंदूपत्ता ग्रामीणों के लिए आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है।संग्रहण कार्य से जिसे के हजारों परिवारों को रोजगार मिलता है।इससे ग्रामीण की आर्थिक मजबूती होती है?।लगभग लगभग एक माह तक चलने वाले इस कार्य में बारिश सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है।बैमौसम बारिश से एक ओर जहां तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हो रही हैं वहीं संग्रहण में भी परेशानी हो रही है।



# विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला गरियाबंद बी.एस.उइके के निर्देशानुसार और सचिव रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद सह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल,जिला रेडक्रॉस प्रभारी,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के मार्गदर्शन एवं जिला रेडक्रास प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत जांगड़े, रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि रोमन लाल साहू के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा गरियाबंद के तत्वाधान में विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला गरियाबंद के चेयरमेन मधुबाला रात्रे, देवकी साहू सदस्य रेडक्रास जिला प्रबंध समिति, डॉ. सत्येंद्र तिवारी प्राचार्य आईटीएस कालेज द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया।




तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत बैज़ लगाकर किया गया। रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि रोमन लाल साहू ने विश्व रेडक्रास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रास सोसायटी एक मानव सेवीसंगठन है जो विभिन्न कार्यों के माध्यम से लोगों की मदद करता है। इनके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट थे। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में है। साथ साथ यूथ रेडक्रास के वालेंटियरों को उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई।भारतीय रेडक्रास के चेयरमेन मधुबाला रात्रे ने कहा कि रेडक्रास का मुख्य कार्य मानव सेवा है।इस संस्था का मुख्य उद्देश्य युद्ध,प्राकृतिक आपदाओ और महामारियों के पीड़ितों को राहत प्रदान करते हुए घायल सैनिको की चिकित्सा उपचार करना है।उन्होंने आगे कहा कि रेडक्रास बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए सहायता प्रदान करता है, चाहे उनकी राष्ट्रीयता, जाति, धर्म या राजनीतिक विचार कुछ भी हो। देवकी साहू सदस्य रेडक्रास जिला प्रबंध समिति ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी एक बहुमुखी संगठन है जो मानवीय पीड़ा को कम करने और दुनिया भर में लोगों की मदद करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। इस दौरान दुष्यंत कुमार साहू, हीराराम हिरवानी, वंदिता गोधेजा, चांदनी ठाकुर, ममता यादव, रोशन ध्रुव, वैभव ताम्रकार सहित कई लोगों ने रक्तदान देकर लोगों के जीवन बचाने में सार्थक मदद की। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोकगीत, लोकनृत्य, रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं मानवता को जीवित रखना÷थीम पर भाषण प्रतियोगिता रखा गया था।सभी प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।वहीं डॉ प्रकाश साहू चिकित्सा अधिकारी एवं उनके टीम द्वारा सी.पी.आर.के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सी.पी.आर.एक आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक है जो दिल की धड़कन रुक जाने या सांस लेने मे समस्या होने पर इस्तेमाल की जाती है।उन्होंने आगे बताया कि जब किसी व्यक्ति की सांस रुक जाती है,दिल की धड़कन बंद हो जाती है या दिल की धड़कन सही तरीके से काम नहीं कर रही है तो सीपीआर का उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सालिक राम कंवर (संगणक) एवं आभार व्यक्त डॉ देवादास बंजारे ने किया.प्राचार्य डॉ टी एस सोनवानी,डॉ खेमलता साहू, डॉ मनीषा भोई,डॉ रागिनी ठाकुर,पूरन लाल साहू,चैतन्य यदु कार्यालय प्रभारी सोमेश्वर ठाकुर,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ विपिन बिहारी अग्रवाल,लालजी साहू टेक्निशियन,कुंजी लाल नाग एवं विभिन्न कालेजों के वालेंटियर उपस्थित थे।

# देवभोग के ग्राम झाखरपारा में आयोजित हुआ शिविर

### हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झाखरपारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।जहां झाखरपारा सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली।शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।शिविर में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई।उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया।शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी,एसडीएम तुलसीदास मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो।इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है।इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है।जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### शराबी ड्राइवर ने 2 बच्चों समेत 4 को रौंदा

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शराब के नशे में धुत चालक ने कार घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर चढ़ा दी। साथ ही 2 महिलाओं को भी रौंद दिया। हादसे में 2 साल की माही और 3 साल की लक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घायल महिलाओं को अंबिकापुर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। इधर धमतरी जिले के मगरलोड थाना क्षेत्र में बाइक सवार नहर में जा गिरा। हादसे में 35 साल के युवक ने दम तोड़ दिया। युवक शादी समारोह में शामिल होने आया हुआ था।

### सांप के काटने से महिला की मौत

धमतरी। धमतरी में एक बुजुर्ग महिला की सांप काटने से मौत हो गई। महिला रात को बरामदे में सो रही थी। आधी रात को अचानक जहरीले सांप ने महिला को काट लिया। सांप के काटने के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो तुरंत महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### मुंगेली में मिला मानव कंकाल, खोपड़ी पसली, बाल और अंडरवियर बरामद

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ में मुंगेली जिले के ग्राम कोसाबाड़ी में मानव कंकाल मिला है। पुलिस स्थल पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की



मदद ली है। मामला लोरमी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि कोसाबाड़ी के श्मशान घाट के पास मानव कंकाल के अवशेष कपड़े के साथ खुले में पड़े थे। कंकाल के अवशेषों को ग्रामीणों ने देखा और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके से मानव अवशेष में खोपड़ी, पसली, सहित छोटे-बड़े बाल और एक संदिग्ध अंडरवियर बरामद किया है। बरामद किए गए अवशेषों को लैब में परीक्षण करवाकर पहले मेल फीमेल के साथ उम्र का पता लगवाया जाएगा। बता दें कि ग्राम कोसाबाड़ी से ही 12 अप्रैल की रात 7 साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर लिया गया। बच्ची अपनी मां के साथ घर के आंगन में रात को सो रही थी। जिसके बाद बच्ची का अभी तक कहीं पता नहीं चल सका है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भोपाल में 'सिंदूर उत्सव'

**भोपाल।** भोपाल में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर 'सिंदूर उत्सव' का आयोजन। भोपाल में शुक्रवार को शाम 5 बजे न्यू मार्केट के टॉप एंड टाउन में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर 'सिंदूर उत्सव' का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया और राष्ट्रीय सुरक्षा बलों की सफलता पर गर्व प्रकट किया। वहीं, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में नजर आईं। गौरतलब है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक का कोड नेम था, जो एक सफल सैन्य कार्रवाई के रूप में दर्ज हुई। इस अभियान ने भारत की सुरक्षा नीति में निर्णायक बदलाव को दर्शाया और उसी की स्मृति में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान नाम से बने एक ग्रुप के सदस्यों ने हाथ में तिरंगा लेकर नारे लगाए। महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

# मुख्यमंत्री साय ने हाइड्रोजन फ्यूल ट्रक को दिखाई हरी झंडी

**शून्य कार्बन उत्सर्जन और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल : मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री ने अपने हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को सौंपी ट्रक की चाबी**

### लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में स्वच्छ और ग्रीन ट्रांसपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित अपने निवास परिसर से हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को चाबी सौंपी और इस अभिनव पहल के लिए सीएसपीजीसीएल और अडानी नैचरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रहा है और इसमें आज एक नया आयाम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है और उन्होंने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है और इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारंपरिक संसाधनों के साथ-साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और नवाचार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। श्री साय ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव हैं और ऐसी पहल से हमारे संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

इस मौके पर अडानी एंटरप्राइजेज के नैचरल रिसोर्सेस के सीईओ डॉ. विनय प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए और इस पहल को खनन क्षेत्र में सतत विकास के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री संजीव कटियार और अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हाइड्रोजन प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है और सबसे विशेष बात यह किसी भी प्रकार का हानिकारक उत्सर्जन नहीं करता है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाले वाहन डीज़ल ट्रक जितनी दूरी और लोड उठाने की क्षमता रखते हैं। लेकिन धुएं के बजाए ये सिर्फ पानी की भांप और गर्म हवा उत्सर्जित करते हैं और आवाज़ भी बहुत कम करते हैं। चूंकि माइनिंग क्षेत्र में अधिकांश मशीनें मुख्य रूप से डीज़ल से ही चलती है, ऐसे में स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से प्रदूषण और शोर को कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, यह कदम भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी सहायक होगा। खास बात यह है कि अडानी नैचरल रिसोर्सेस एशिया की पहली कंपनी है, जिसने 'डोज़र पुश सेमी ऑटोनॉमस तकनीक को अपनाया है, जिससे सुरक्षा और स्थिरता, दोनों को बढ़ावा मिल रहा है।

गौरतलब है कि भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से यह ट्रक तैयार किया गया है और इसमें ईंधन के तौर पर हाइड्रोजन का उपयोग होगा। इसके अंतर्गत माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक ट्रक स्मार्ट तकनीक और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस होगा, जिसमें 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जाने की क्षमता होगी। प्रदेश में हरित भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और अदाणी नैचरल रिसोर्सेस ने यह साझा प्रयास किया है।छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा रायगढ़ जिले के गारे पेल्मा-3 कोल ब्लॉक से राज्य की विद्युत उत्पादन इकाई तक कोयला परिवहन में इसका उपयोग किया जाएगा।

# शादी वाले घर में भालू का उत्पात

**तेल पीकर टीन से खेलने लगा, 2 ग्रामीणों पर कर चुका है हमला, गांव में दहशत**

समवेत शिखर संवाददाता

**कांकेर।** कांकेर जिले में भालू का आतंक बढ़ता जा रहा है। शनिवार की सुबह दसपुर गांव में एक शादी वाले घर में भालू घुस गया। घर की बाड़ी के पास कुछ तेल के टीन पड़े हुए थे। भालू तेल पीने के बाद टीन से खेलने भी लगा। भालू का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



मकान मालिक भूपेंद्र साहू ने बताया कि, 3 से 7 मई तक उनके घर में शादी का कार्यक्रम हुआ था। शादी का बचा सामान घर के बाहर परछी में रखा था। वे धीरे-धीरे सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे थे। इसी दौरान भालू वहां पहुंच गया।

सभी भागकर घर के अंदर चले गए। भालू भोजन की तलाश कर रहा था। कुछ मात्रा में बचा तेल टीना उसके हाथ गया। भालू सारा तेल चटकर टीना से खेलने लगा। इस दौरान भूपेंद्र साहू ने छत से भालू का वीडियो बना लिया।दसपुर में बीते कुछ दिनों से भालू की आमद को लेकर दहशत है। ग्रामीण मनोज साहू और उसके पिता सुबह खेत में पानी देखने गए हुए थे। उसी दौरान एक भालू अचानक पहुंचा और पीछे से कमर पर हमला कर दिया। किसी तरह दोनों ने जान बचाई। इसके बाद भालू फिर आगे बढ़ा और एक महिला पर भी हमला किया। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

भालू शादी वाले घरों में जाकर उत्पात मचा रहा है। शादी कार्यक्रम के बाद सो रहे लोगों को भालू के आ धमकने का डर सता रहा है। भालू शादी समारोह समाप्त होने के दूसरे-तीसरे दिन पहुंचकर खाद्य सामग्रियों को चट कर रहे हैं।

# क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से लोग नाराज

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे अंधाधुंध औद्योगीकरण के कारण नये व पुराने प्रजाति के वृक्ष काटे जा रहे है और यह सिलसिला बेरोकटोक चल रहा है।

जिसके कारण क्षेत्र मे पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ गया है शहर व क्षेत्र मे पिछले दस वर्षो मे जितने पेडो का बलिदान किया गया है उसकी तुलना मे 10 प्रतिशत भी पौधारोपण नहीं किया गया जिसका खामियाजा शहर व क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी के रूप मे भुगतना पड़ रहा है भाटापारा नांदघाट 17 किलोमीटर मार्ग पर अंधाधुंध पेडो की कटाई की गई इसी तरह भाटापारा नारायणपुर चंदखुरी 12 किलोमीटर मार्ग पर भी अनेक पेड टंगिया व कुल्हाडी से बली चढ़ गये लेकिन काटे गये पेड की भरपाई पौधा रोपण के रूप मे गंभीरता से नही की गई जिसका खामियाजा गंभीर जल संकट व पर्यावरण के रूप मे लोगो को भुगतना पड़ रहा है इसी तरह भाटापारा टेंहका मार्ग मे इन दिनो बडे पैमाने पर पेड़ की कटाई की जा रहीं है जिसमे ज्यादातर लोग अपने क्षणिक लाभ के लिये पर्यावरण से खिलवाड़ करते हुये ऑक्सीजन के बडे स्त्रोत अनेक पेड़ो को काट रहे है टेंहका मार्ग पर पीपल पेड के काटे जाने पर वरिष्ठ समाज सेवी एमएल यादव ने चिंता प्रकट करते हुये प्रशासन से अंधाधुंध हो रहीं पेडो की कटाई को रोकने की मांग की है यादव ने अधिकारियो से कहा है कि पंचायत स्तर के पदाधिकारियो को भी सख्त व कडे निर्देश जारी कर अंधाधुंध हो रहीं पेड़ो की कटाई को रोका जाये ताकि क्षेत्र मे पर्यावरण का संतुलन बना रह सके और लोग छांव के अलावा सहज सुलभ रूप से पेयजल व आक्सीजन की प्राप्ति इन पेड़ो के माध्यम से प्राप्त कर सके।

# गंज रोड से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिप रेत से भरी हाइवा निकल रही

समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा राजिम।** नगर के गंज रोड से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिप रेत से भरी हाइवा निकल रही है।



शनिवार को भी सुबह से रेत भरी हाइवा का आना-जाना लगा रहा, जिसे लेकर नगरवासियों को गुस्सा फुट पड़ा। दोपहर 12 बजे नगर के लोगों ने रेत से भरी हाइवा वाहन को नगर पालिका चौक के पास रोककर प्रदर्शन किया । नवापारा के मुख्यमार्ग गंज रोड से प्रतिदिन गरियाबंद एवं धमतरी जिले से आने वाली रेत से भरी सैकड़ों हाइवा गुजर रही है, जिसे लेकर नगरवासियों में जमकर आक्रोश है। नागरिकों का आरोप है कि सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक रेत से भरे ट्रक के लिए नो एंट्री है। इसके बावजूद रेत से भरे वाहन खुलेआम गुजर रहे हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शनिवार को भी सुबह से रेत भरे हाइवा नगर के गंज रोड से गुजर रहे थे। जिसके बाद नाराज जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने दोपहर में चिलचिलाती धूप में पालिका चौक के पास रेत से भरी। हाइवा वाहन को रोक दिया। लोगों ने मामले की जानकारी एसडीएम और तहसीलदार को दी।

आनन-फानन में तहसीलदार मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने वाहनों के खिलाफकार्रवाई कर उन्हें थाने के सुपुर्द करने की बात कही, लेकिन नगरवासी खनिज विभाग के अधिकारियों को बुलाकर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग किए लोगों के मांग के अनुरूप तहसीलदार श्री साहू ने खनिज विभाग से चर्चा कर स्थिति की जानकारी दी। लगभग 2 घंटे बाद पहुंची खनिज विभाग की टीम ने विधिवत कार्रवाई के जिसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए । कार्रवाई में प्रमुख रूप से खनिज सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा, डीके साहू, तहसीलदार राजकुमार साहू, थाना प्रभारी जितेंद्र ऐसैय्या सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईएलएस हॉस्पिटल्स अब रायपुर में

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछले 25 वर्षो से अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक विश्वसनीय और प्रतिष्ठित नाम बन चुका आईएलएस हॉस्पिटल्स अब अपने पांचवें मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपनी सेवाएं देने जा रहा है। यह नया और अत्याधुनिक अस्पताल पचपेडी नाका में स्थित है, जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।



आईएलएस हॉस्पिटल्स स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विश्वास का प्रतीक है तथा नैतिक, किफायती और आधुनिक इलाज की पहचान के लिए जाना जाता है। यह अस्पताल 205 बेड्स की क्षमता के साथ सुपरस्पेशलिटी और मल्टीस्पेशलिटी सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें आधुनिक उपकरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शामिल है।

**अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आईएलएस रायपुर में उपलब्ध विभाग:** हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, यूरोलॉजी, क्रिटिकल। केयर, ऑन्कोलॉजी, गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स सहित सभी सुपरस्पेशलिटी और मल्टीस्पेशलिटी विभाग। गुणवत्ता और विश्वास की स्वास्थ्य सेवाएं ILS Hospitals, GPT Healthcare Ltd. के अंतर्गत कार्यरत है, जो कि भारत के ह्स्थ और क्सस्थ दोनों स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। समूह का लक्ष्य है - उन्नत तकनीक के साथ-साथ सस्ती और नैतिक चिकित्सा सेवादेना। डॉ. ओम टंटिया, प्रबंध निदेशक और प्रसिद्ध लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जन ने कहा हमारा उद्देश्य है छत्तीसगढ़ के लोगों को अत्याधुनिक और किफायती इलाज देना। रायपुर का यह अस्पताल पूरे मध्य भारत को सेवाएं देगा । डॉ. विशाल गोयल, ग्रुप सीओओ ने कहा कि हमारी पूरी टीम ने इस अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार किया है आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित स्टाफ और सर्वोत्तम प्रबंधन के साथ । देबाशीष धर, ग्रुप सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड ने कहा-रायपुर से हमारा सफर शुरू हो रहा है। हम जल्द ही पूरे मध्य भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाएंगे ।

### भेथीडीह के सामाधान शिविर मे बी-01 व किसान पुस्तिका का वितरण



**भाटापारा।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत ब्लाक के ग्राम भेथीडीह मे लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न समस्याओ से प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण कर मौके पर फौती नामांतरण, त्रुटि सुधार व बी-01 की नकल के अलावा किसान पुस्तिका का वितरण किया गया। उक्त समस्या निदान शिविर मे ज़ेथीडीह के अलावा ग्राम गुडाघाट, खपरी, सिल्वा, कोनी, मोपकी, पथरिया, निपनिया व ज़ेथीडीह सहित अन्य गांव के ग्रामवासी बडी तादाद मे शामिल हुये। कार्यक्रम मे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को भी शासन की विभिन्न योजनाओ के तहत लाभ दिया गया। उक्त अवसर पर सरपंच अनूप साहू, नरेश नेताम, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत के सीईओ हिमांशु वर्मा, ग्राम सचिव मनीष दुबे, मनोज शर्मा, अमर मंडावी, प्रदीप अनंत व सविता अनंत सहित प्रेमा मिंज व बडी तादाद मे अन्य पदाधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर किए जाने की दरकार

### सुलभ शौचालय बंद हो जाने से लोग खुले मे कर रहे है शौच क्रिया

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर की सफाई व्यवस्था पहले की तुलना मे बेहतर हुई है लेकिन अभी और इस दिशा मे काम किये जाने की दरकार है खासकर प्रमुख चौक चौराहे व मुक्कड मे अभी भी कचरो का ढेर लग रहा है जिसमे ज्यादातर कचरे दुकानदारो के निकल रहे है खासकर नगर मे सीमेंट चादरो को बैग बनाने वाले लोगो का कटिंग वाला कचरा मुख्य समस्या की जड़ बना हुआ है।



विभिन्न सीमेंट संयंत्रो मे नीलामी के बाद कपडो के सीमेंट वाली चादर को धोने शिवनाथ नदी के पानी को प्रदूषित किया जा रहा है जिससे शिवनाथ की जल प्रदूषण का शिकार हो रहीं है वहीं धुले हुये चादर को बैग बनाने के लिये टेलर टीम द्वारा काटे जाने के बाद इसके टुकडे को खुलेआम चौक चौराहे पर कुछ लोगो के द्वारा फें के जाने से पालिका के सफाई अभियान को धक्का लगा है शहर मे बेहतर सफाई व्यवस्था के लिये पूर्णकालिक स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षक की अब तक नियुक्ति शासन द्वारा नहीं की गई है जिसके कारण सफाई व्यवस्था को बेहतर मुकाम नहीं मिल पा रहा है स्वच्छता मिशन के कार्यो मे भी मनमानी का आलम व्याप्त है यहां पर भारी भरकम स्टाफ मौजूद है जिसमे एक ही परिवार के चार से छह लोगो को अनाधिकृत रूप से रखकर बिल व वेतन आहरण किया जा रहा है जिसमे कुछ सुपरवाईजरो की मिली भगत है और वे एक ही परिवार के चार से अधिक लोगो को काम मे रखकर सिर्फ फोटो खींचकर हाजिरी लगाने का काम सफाई से कर रहे है बैटरी चलित कचरा रिक्शा मे अनेक रिक्शा चालक को दूसरे व्यक्ति के स्थान पर गाडी चला रहे है जिसमे ज्यादातर नाबालिग युवक है आखिर इस प्रकार की अव्यवस्था व स्थिति के पीछे कौन काम कर रहा है यह जांच का विषय है भारत शासन द्वारा एक लंबे समय से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन भाटापारा शहरी क्षेत्र मे आलम यह है कि अब भी लोग खुले स्थान पर शौच करने के लिये डिब्बा व लोटा पकड़कर खुले मे जा रहे है बताया जाता है कि शहर के दो प्रमुख सार्वजनिक शौचालय जिसे पे एंड यूज की तर्ज पर संचालित किया जा रहा था वह दोनो प्रमुख सुलभ शौचालय जो कि बस स्टैड व हटरी बाजार स्थित रेल्वे अंडरब्रिज के पास मौजूद था वह बंद पड़ा है इस संबंध मे पालिका सूत्रो का कथन है कि बस स्टैड सुलभ शौचालय को बोर फेल हो जाने के कारण बंद कर दिया गया है जबकि हटरी बाजार का सुलभ शौचालय की छज्जा गिरने की स्थिति मे होने के कारण संभावित दुर्घटना से बचने के लिये बंद कर दिया गया है उक्त दोनो महत्वपूर्ण सुलभ शौचालय बंद होने के बाद हजारो लोग अब लिंक रोड मंडी रोड सड़क किनारे खुले मे शौच करने बैठ रहे है वहीं रेल्वे अंडरब्रिज हटरी बाजार सुलभ शौचालय बंद होने के बाद लोग रेल्वे लाईन के किनारे खुले मे शौच करने जा रहे है जिससे संपूर्ण शहर का वातावरण फिर से दूषित व प्रदूषित होने लगा है खुले मे शौच करने वाले रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे स्थित कब्रिस्तान पर भी पहुंचने लगे है जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि भाटापारा मे स्वच्छता अभियान का मिशन ढीला पड गया है संबंधित अधिकारियो को चाहिये कि इस दिशा मे त्वरित रूप से ठोस कार्यवाही करें ताकि स्वच्छ भाटापारा अभियान को पटरी पर लाया जा सके।

# एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मिलेगी चेहरे के तीव्र दर्द से राहत

### माइक्रोवैस्कुलर डिकंप्रेशन सर्जरी से मरीजों को मिली नई उम्मीद

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया (ञ्ञह) से पीड़ित मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. घनश्याम ससापारधी ने सफलतापूर्वक माइक्रोवैस्कुलर डिकंप्रेशन (MVD) सर्जरी की है। यह एक उच्च विशेषज्ञता वाली, न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी है जो ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से होने वाले अत्यंत पीड़ादायक चेहरे के दर्द से स्थायी राहत प्रदान करती है।

ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया एक पुरानी स्थिति है जिसमें चेहरे के एक तरफअचानक, तीव्र और झटके जैसे दर्द होते हैं। यह स्थिति आमतौर पर ट्राइजेमिनल नर्व पर आस-पास की रक्त वाहिकाओं के दबाव के कारण होती है। हालांकि, दवाओं को इलाज की पहली पंक्ति माना जाता है, लेकिन कई मरीजों को उनसे राहत नहीं मिलती या दवाओं के दुष्प्रभाव होते हैं, जिसके चलते सर्जरी की आवश्यकता होती है।

ऐसे मामलों में माइक्रोवैस्कुलर डिकंप्रेशन एक प्रभावी और क्रांतिकारी विकल्प बनकर सामने आया है। इस प्रक्रिया में उन रक्त वाहिकाओं को सावधानीपूर्वक हटाया या पुनः स्थानांतरित किया जाता है जो ट्राइजेमिनल नर्व पर दबाव बना रही होती हैं। यह सर्जरी सामान्य संज्ञाहरण (जनरल एनेस्थीसिया) के तहत कान के पीछे एक छोटा चीरा लगाकर की जाती है, और इसमें आस-पास के ऊतकों पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। अक्सर इस प्रक्रिया से मरीजों को तेजी से राहत और पूर्ण या आंशिक रूप से दर्द से छुटकारा मिलता है।

यह एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण सर्जरी है, जिसके लिए वर्षों का प्रशिक्षण और अनुभव आवश्यक होता है। इसमें अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है,÷ डॉ. घनश्याम ससापारधी ने कहा, जिन्होंने अपने करियर में कई स्कूष्ठ सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं। ÷यदि यह सर्जरी सही ढंग से की जाए, तो यह ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीड़ित मरीजों को दीर्घकालिक राहत और बेहतर जीवन की गुणवत्ता प्रदान कर सकती है। एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉ. ससापारधी ने यह सर्जरी कई मरीजों पर सफलतापूर्वक की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## ►► न्यूज ब्रीफ

### डिमरापाल मेडिकल कॉलेज की नर्स ने किया सुसाइड, घर में फांसी लगाकर दी जान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज की एक नर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड का कारण अज्ञात है। वो शादीशुदा थी, लेकिन पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहती थी। उसके बच्चे भी हैं। फिलहाल पारिवारिक विवाद के कारण सुसाइड करने की आशंका है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतिका का नाम राजबती मरकाम (37) है। पिछले कुछ समय से जगदलपुर के वृंदावन कॉलोनी में अपने बच्चे के साथ अकेली रह रही थी। कुछ साल पहले ही इसकी शादी हुई थी। लेकिन पति को छोड़ अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। दोनों के बीच पति-पत्नी जैसे रिश्ते थे। वहीं पिछले एक साल से प्रेमी से भी अलग हो गई थी। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। सालभर से वृंदावन कॉलोनी में बच्चे के साथ किराए के मकान में रह रही थी। पुलिस की माने तो 15 दिन पहले इसने प्रेमी के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, बाद में दोनों के बीच विवाद खत्म हो गया था, इसलिए शिकायत वापस ले ली थी। वहीं एक दिन पहले चुनर का फंदा बनाकर अपने घर में फांसी के फंदे से झूल गई। तब बच्चा घर में नहीं था। जब इसकी जानकारी पड़ोसियों को मिली तो इसकी खबर बोधघाट पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। थाना प्रभारी लीलाधर रौठार ने बताया कि मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुट गई है। जांच में को भी तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत में 13,792 मामलों का निपटारा

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शनिवार को 13,792 प्रकरणों का निपटारा किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 1.77 करोड़ रुपए की राशि पर अवार्ड पारित हुआ। न्यायालय परिसर के पांचों न्यायालयों के साथ केशकाल और नारायणपुर में भी खंडपीठें गठित की गईं। बैंक रिकवरी के 935 मामलों में 72.18 लाख रुपए का अवार्ड पारित किया गया। बिजली बिल के 1,759 मामलों में 9.26 लाख रुपए की वसूली हुई। मोटर दुर्घटना के तीन मामलों में 14.80 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। चेक बाउंस के 14 मामलों में 24.15 लाख रुपए की राशि का निपटारा हुआ। ट्रैफिक चालान के 1,655 मामलों में 2.10 लाख रुपए वसूले गए। राजस्व के 7,831 मामलों का समाधान किया गया। नगर पालिका से जुड़े 1,065 मामलों में 7.32 लाख रुपए की वसूली हुई। लोक अदालत में अनूठी पहल करते हुए समाधान प्राप्त करने वाले पक्षकारों को काजू, जामुन और आंवला के पौधे भेंट किए गए। इस दौरान जिला चिकित्सालय कोंडागांव द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों के बीपी और शुगर की जांच की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थानीय शाखा ने टेंट स्टॉल की सुविधा प्रदान कर कार्यक्रम में सहयोग किया।

# सुशासन की सरकार में हर वर्ग का हो रहा कल्याण : विधायक उसेंडी

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के लाभ पहुँचाने हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी के ग्राम काटागांव में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में राज्य के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो रहा है और गांव गांव में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी पहल से लेकर महतारी वंदन योजना, किसानों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कई योजनाएं शुरू की गई। उन्होंने सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली घर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि हर महीने की बिजली बिल को शून्य करने के साथ अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन का निराकरण कर विधायक सुश्री उसेंडी एवं अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें समाज कल्याण द्वारा 07 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 19 किसानों को लौकी और करेला बीज, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, 07 हितग्राहियों को राशन कार्ड, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 01 मत्स्य पालक को मछली जाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड और 08 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने समाधान शिविर में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण और संचयन की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी को जल संरक्षण की संकल्प दिलाते हुए जल की अपव्यय रोकने और अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती पटेल एवं श्रीमती रदमा बघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैसाखु कोर्राम, दीपेश अरोरा, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# परीक्षा परिणाम के बाद होने वाले तनाव को कैसे रोका जाएं

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** जिला अस्पताल कोंडागांव की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मधु बघेल ने बताया स्टूडेंट्स के मन में रिजल्ट को लेकर डर और चिंता की स्थिति बनी रहती है। साथ ही बच्चों पर बेहतर परफॉर्मेंस देने का दबाव भी रहता है। ऐसे में खराब रिजल्ट आने पर स्टूडेंट्स तनाव की स्थिति में भी जा सकते हैं। इन सबको देखते हुए पैरेंट्स को बच्चों की खास देखभाल करनी चाहिए। रिजल्ट आने के बाद माता-पिता अपने बच्चों को डांटे नहीं बल्कि प्यार से उनसे बात करें, रिजल्ट आने के बाद चाहे रिजल्ट कैसा भी हो, उसे स्वीकार कीजिए। आपका रिजल्ट चाहे कैसा भी आया हो, अपनी उपलब्धियों को मनाएं। हमेशा आने वाले कल के बारे में सोचें और अगर रिजल्ट अच्छा नहीं आया तो निराश होकर मत बैठिए, बल्कि अपने आगे के लक्ष्य की तैयारी करें।

**नाकामियों से सबक लेकर दोबारा उठ खड़ा हों :** अपनी एग्जाम की तैयारी पर नजर डालें और सोचें कि ऐसी कौन से फैक्टर हैं जो आपके रिजल्ट को प्रभावित करने में अहम रहे हैं. अपनी कमियों को प्वाइंट आउट करें। इसके बाद उन्हें दूर करने के लिए फ्यूचर प्लान बनाएं कि किन विभागों में आपको ज्यादा मेहनत की आवश्यकता है और अपनी कमजोरी को कैसे दूर कर पाएंगे। याद रखें कि निराश होने से कुछ नहीं होने वाला है।

**दूसरों से कंपैरिजन निराशा की ओर ले जाता है, ऐसा न करें :** कई बार हम यह देखते हैं कि हमारे साथ रहने वाला दोस्त ज्यादा नंबर लाया है, हम खुद को उससे कंपेयर करने लगते हैं। इससे आपका भला नहीं होता, बल्कि आप हीन भावना के शिकार हो जाते हैं।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोंडागांव की हुई बैठक



समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** छ्ग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिलाध्यक्ष रितेश पटेल की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय बैठक फरसगांव रेस्ट हॉउस मे शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के पदाधिकारियों सहित सामाजिक जन सम्मिलित हुए और संगठन की मजबूती सहित आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई साथ ही कोंडागांव के नए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार से जल्द मुलाक़ात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की सहमति बनी।

विकासखंड केशकाल एवं विश्रामपुरी मे जल्द ही बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार करते हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से संरक्षक नीलकंठ शार्दुल, संभाग उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, जिला महामंत्री रैमल दीवान, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता, सचिव योगेश्वर साहू, लोकनाथ राठौर, जिला पंचायत सदस्य नन्दलाल राठौर, देवेंद्र पटेल, डिगेश्वर साहू, कलार समाज जिलाध्यक्ष त्रिनाथ दीवान, रामनाथ पांडे, राजेश साहू, रामकृष्ण पटेल सहित सामाजिक जन मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला पहुंचे कोंडागांव

## बस्तर में आदिवासीयों के साथ हो रहे अन्याय पर कड़ी निंदा की

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला गुरूवार 8 मई को कोंडागांव नगर पहुंचे और रेस्ट हाऊस में पार्टी सदस्यों एवं पदाधिकारीयों की बैठक ली। बैठक में कोंडागांव जिले के समस्त कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए, कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार को आगे बढ़ाने सहित अन्य कई मुददों पर चर्चा हुई।

इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन महामंत्री जसबीर सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बस्तर में आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बस्तर में निवासरत आदिवासीजन मूलभूत सुविधा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। वर्तमान सरकार रोजगार के नाम पर गहरी कुंभकरण की निद्रा में लीन है। बस्तर के आदिवासियों को मोहरा बनाकर लूटखसोट करके, नक्सली बताकर मरवाने में लगी है। आज आदिवासियों को न्याय कौन दिलाएगा। बैठक एवं प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष जुगल किशोर बोध, जिला सचिव पनकू राम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष सोनसाय नेताम, कोषाध्यक्ष जीतू साहू, जिला मीडिया प्रभारी संतोष नाग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विजय प्रधान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सनोबाई कोर्राम, विधान सभा अध्यक्ष पीलासिंह पोयाम, सुकू राम नाग, शरबत मरकाम, रमेश मंडावी, परमानंद मंडावी, शंभू कोर्राम, असाडू राम पोटाई, परमानंद बघेल, रूखमती पोयाम, सरपंच श्रीमती विजयलक्ष्मी नाग आदि उपस्थित रहे।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# यूएई एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में अफजल ने बनाया 800 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**दुबई (ए)।** मोहम्मद अफजल ने शनिवार को यूएई एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड को फिर से बनाया।

दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट 29 वर्षीय धावक ने एक मिनट 45.61 सेकंड का समय लेकर स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी टाइमिंग ने 2018 में गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में जिनसन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1.45.65 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.04 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ दिया। केन्या के निकोलस किपलागट ने 1ः45.38 के समय के साथ रेस जीती, जबकि दक्षिण अफ्रीका के क्रिस्टोफर स्वार्ट 1:45.84 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अफजल ने 2023 एशियाई खेलों में 1.48.43 के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। वह अब तक किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज़ 800 मीटर समय दर्ज करने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उनके अलावा अनिमेष कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में 20.45 सेकंड के मीट रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले महीने कोच्चि में फेडरेशन कप में उनके द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.05 सेकंड कम है। चाड के महामत गौबे यूसुफ (20.93 सेकंड) और यूएई के इमैनुएल बामिडेल (20.97 सेकंड) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# क्रिकेट इतिहास में हुआ ऐसा पहली बार यूएई की 11 बल्लेबाज हुईं रिटायर आउट

**नई दिल्ली (ए)।** संयुक्त अरब अमीरात ने महिला टी20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालिफायर 2025 के एक मुकाबले में कतर के खिलाफ अनोखा कदम उठाया। दरअसल, इस टीम की सभी 11 खिलाड़ी रिटायर आउट हो गईं। यूएई ने बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में कतर के खिलाफ अपने मुकाबले में अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट कर दिया। क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब पूरी टीम रिटायर आउट हो गई।



कतर के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम ने अपने सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईसा ओजा की बदौलत बेहतरीन शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 16 ओवर में 192 रन की साझेदारी की और कतर के गेंदबाजों पर दबाव बनाया, लेकिन जब यूएई को लगा कि बारिश की संभावना है तो उसने अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट कर दिया।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पारी घोषित करने का नियम लागू नहीं होता, इसलिए हर बल्लेबाज पैड पहनकर क्रीज की ओर दौड़ा और मैदान पर पहंचने पर रिटायर्ड आउट हो गया। यूएई की ओपनर बल्लेबाज तीर्था ने 42 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 74 रन की पारी खेली जबकि ईशा ओजा ने 5 छक्के और 14 चौकों की मदद से 55 गेंदों पर 133 रनकी पारी खेली। यूएई ने 16 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 192 रन बनाए।

कतर को जीत के लिए 193 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम 11.1 ओवर में 29 रन पर ऑलआउट हो गई और यूएई को 163 रन से जीत मिली। यूएई को लिए मिचेल बोथा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए जबकि केटी थॉम्पसन को 2 सफलता मिली। यूएई के लिए शतकीय पारी खेलने वाली ईशा को प्लेयर ऑफ द मैच मिला।

### बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की होड़, दर्जनों शीर्षकों के लिए आवेदन किए गए

**मुंबई।** पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का बॉलीवुड की कई हस्तियों ने समर्थन किया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, 15 फिल्म निर्माता और बॉलीवुड स्टूडियो ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक को पंजीकृत कराने के लिए दौड़ रहे हैं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने




एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने प्रकाशन से इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 15 फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो ने इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (फिल्म शीर्षकों के पंजीकरण की दिशा में काम करने वाली एसोसिएशनों में से एक) में अपने आवेदन भरे हैं। फिल्म निर्माताओं ने महज दो दिन में 30 से अधिक शीर्षक पंजीकृत कराने के लिए आवेदन दे दिए हैं। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों में 'ऑपरेशन सिंदूर', 'मिशन सिंदूर' और 'सिंदूर ः द रेवेंज' सहित अन्य शीर्षक शामिल हैं। जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है। इस बीच, भारतीय मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईएमपीपीए), भारतीय फिल्म और टेलीविजन प्रोड्यूसर्स काउंसिल (आईएफटीपीसी) और वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईएफपीए) को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े फिल्म शीर्षक के पंजीकरण के लिए ढेरों आवेदन मिले हैं।


### जॉन अब्राहम की फिल्म डिजिटल रिलीज के लिए तैयार, जानें तारीख और प्लेटफॉर्म

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट बहुत जल्द आपकी स्क्रीन पर आने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर मुश्किलों का सामना करने के बाद यह फिल्म अपने बहुप्रतीक्षित ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। पहले कई स्ट्रीमिंग साइट्स द्वारा खारिज किए जाने के बाद, द डिप्लोमैट का स्क्रीन पर आने का रास्ता अपने आप में एक दिलचस्प ड्रामा रहा है। रिलीज से पहले इसे एक जुआ माना जाता था, लेकिन फिल्म की अप्रत्याशित



आलोचनात्मक सफलता और दर्शकों की प्रतिक्रिया ने अब स्थिति को उलट दिया है। द डिप्लोमैट 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अभिनेता जॉन अब्राहम के अलावा सादिया खतीब जैसी कई अदाकाराओं ने इसमें अहम किरदार निभाए थे। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें भारत और पाकिस्तान की पृष्ठभूमि को आधार बनाकर उज्मा अहमद के पाकिस्तान से भारत लौटने की कहानी दिखाई गई है। द डिप्लोमैट की ओटीटी रिलीज पर नजर डालें तो 9 मई 2025 को निर्देशक शिवम नायर की यह शानदार फिल्म मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दोपहर 1ः30 बजे से ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी। आपको बता दें कि द डिप्लोमैट को दर्शकों और आलोचकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जो इसकी सफलता का मुख्य कारण बनी। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।

# गूगल ने वैश्विक व्यापार इकाई में 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, रिपोर्ट में हुआ खुलासा




**नई दिल्ली।** दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है। गूगल ने अपने वैश्विक व्यापार संगठन में लगभग 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जो पुनर्गठन प्रयासों का हिस्सा है। यह कदम कंपनी के बिक्री और साझेदारी प्रभाग में किया गया है। ये जानकारी द इन्फॉर्मेशन की रिपोर्ट के हवाले से दी गई है।

इससे साफ जाहिर होता है कि प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनी एआई और डेटा सेंटर में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि अन्य क्षेत्रों में खर्च कम कर रही है। यह बदलाव कंपनी की रणनीति में बदलाव को दर्शाता है। गूगल ने रॉयटर्स को एक बयान जारी किया है। बयान के अनुसार छंटनी को टीमों में कुछ छोटे बदलावों का हिस्सा बताया गया है। इसका उद्देश्य है कि सहयोग को बढ़ाया जाए।

वहीं ग्राहक सेवा वितरण में सुधार करने पर भी जोर दिया जाएगा। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि पुनर्गठन का उद्देश्य टीमों को अधिक कुशलतापूर्वक कार्य करने में मदद करना तथा उभरती व्यावसायिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है।

# आकाश डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान की हवा निकाली, कंपनी के शेयर पहुंचे आसमान पर

**मुंबई (ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और संघर्ष कम होता नहीं दिख रहा है। दोनों देशों के बीच स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत पर लगातार पाकिस्तान मिसाइल और ड्रोन अटैक कर रहा है। भारत भी पाकिस्तान के इन हमलों का जवाब दे रहा है। इन हमला को नाकाम करने में स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने भारतीय सेना की मदद की है।स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के दम पर ही भारत पाकिस्तान को धूल चटा रहा है। पाकिस्तान भी स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को देखर हैरान है और उसके हमले भी विफल होते जा रहे है। वहीं मिसाइल पाकिस्तान के दांत खट्टे करने के लिए काफी है। इस मिसाइल को बनाने वाली कंपनी भी लगातार गदर मचा रही है। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी मगर कंपनी के शेयर



10 फीसदी बढ़ गए है। आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली और आकाश हथियार प्रणाली का निर्माण भारतीय कंपनियां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने किया है। पाकिस्तान के हमलों में आकाश मिलाइस ने करारा जवाब दिया है। इसने पाकिस्तान की मिसाइलों और ड्रोन को बुरी तरह से तहस नहस कर दिया है। वहीं कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को इन कंपनियों के शेयर ने मार्केट में धमाका कर दिया। एक तरफ शेयर नीचे गिर रहे थे वहीं दूसरी ओर इस कंपनी के शेयरों ने धमाल मचा दिया। वहीं बीएसई पर बीडीएल के शेयर कारोबार के दौरान 9.73 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके सेयर का कारोबार 1455 रुपये पर शुरु हुआ था जो कि 1595 पर पहुंच गया था। इन शेयरों ने दमदार रफ्तार पकड़ी थी। वहीं दिन के अंत तक ये शेयर 5.79 फीसदी की तेजी के साथ 1528 रुपये पर बंद हुआ था। बता दें कि डिफेंस सेक्टर के स्टॉक में तेजी देखने को मिली है। इसका असर कंपनी के मार्केट कैप पर भी देखने को मिला है। कंपनी का मार्केट कैट अब बढ़कर 56150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं बीडीएल के शेयर में भी तेजी देखने को मिली है। इसके शेयर रॉकेट की रफ्तार से भागे है। डिफेंस स्टॉक शुक्रवार को 305 रुपये के साथ खुले थे और इसमें 4.88 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला क्रिकेट में मिली बड़ी सफलता रोशनी, अनुपमा, ममता व वीरता चयनित



**रायगढ़।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों और महिला क्रिकेट खिलाडियों की मेहनत से रायगढ़ जिले को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें अंडर 19, 23, एवं सीनियर में 4 खिलाडियों का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 15 की टीम का ट्रायल पिछले दिनों लिया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की संभावित अंडर 15 टीम का चयन किया गया है। इसमें जिले की पक्षिका टोप्पो का चयन हुआ है। इसी तरह स्टेट लेबल के ट्रायल के लिए अंडर 19 टीम हेतु रोशनी ठाकुर, अंडर 23 के लिए ममता भगत एवं अनुपमा भगत सीनियर टीम के लिए वीरता चौहान का चयन हुआ है। इसमें सभी खिलाड़ी अलग-अलग दिवस पर अभ्यास मैच एवं स्टेट ट्रायल हेतु जल्द रवाना होंगे। उनके चयन पर शानदार सफलता पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### कोरबी और माखनपुर में समाधान शिविर 13 को

**कोरबा।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अन्तर्गत जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 13 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम कोरबी कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत कोरबी, सरमा, तनेरा, पुटीपखना, हरदेवा, पाली, बुढ़ापारा, कुल्हड़िया, खम्हारमुड़ा, झिनपुरी और मिसिया हेतु शासकीय हाई स्कूल कोरबी में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 13 मई को ही विकासखंड पाली के ग्राम माखनपुर कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत माखनपुर, बनबांधा, सेंद्रीपाली, कपोट, रंगोले, बांधाखार, नुनेरा, धौराभांठा, करतली और डूमरकछार हेतु हाई स्कूल ग्राउंड माखनपुर में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### अवैध रूप से डंप किए गए 120 ट्रैक्टर जब्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेशानुसार एसडीम तखतपुर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा तहसील तखतपुर अंतर्गत गांव मोढ़े में किए गए अवैध रेत भंडारण में छापामार कार्रवाई की गई जिसमे प्रमोद कुमार निर्मलकर द्वारा 120 ट्रैक्टर अवैध रेत का अलग-अलग जगह भंडारण किया गया था । मौके पर अवैध रेत को जप्त कर उपसरपंच को सुपुर्द किया गया एवं अनावेदक को नोटिस जारी किया गया । कार्यवाही में पंकज सिंह, तहसीलदार तखतपुर ,राजू यादव माइनिंग इंस्पेक्टर बिलासपुर, ऋषि राज राजस्व निरीक्षक ,हल्का पटवारी , सरपंच एवं कोटवार उपस्थित रहे ।

# मात्र कर्म करने में ही मनुष्य का अधिकार है : राजेश्री महंत

## अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज एक दिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास के दौरान अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने ग्राम नवागांव (झूलन पकरिया) विकासखंड अकलतरा पहुंच कर साहू परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमयी श्री राम कथा में कथा का रसपान किया।

आयोजक परिवार के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक उनका स्वागत किया गया। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की एवं आचार्य जी का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य जी ने भी अभिवादन करके आशीर्वाद प्राप्त की। इस अवसर पर अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि -ग्राम नवागांव में साहू परिवार के द्वारा अपने परिजनों के मोक्षार्थ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है भगवान रघुनाथ जी से प्रार्थना है कि सभी दिवंगत दिव्य आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें। उन्होंने कहा कि -गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है कि- *करम प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहिं सो तस फल चाखा।* अर्थात इस संसार में जो मनुष्य जैसा कर्म करता है उसके अनुसार उसे फल की भी प्राप्ति होती है। मुखिया के संदर्भ में उन्होंने कहा की मुखिया को मुख के समान होना चाहिए जो खट्टे, मीठे, तीखे सभी पदार्थ को खाता तो स्वयं है लेकिन किस अंग को कितने रस की आवश्यकता है इसका निर्धारण वह विवेक पूर्वक करता है ।व्यास पीठ पर विराजित आचार्य दिनेश गोस्वामी जी महाराज ने कहा कि- यह हम सभी का ही नहीं अपितु इस नगर वासियों का परम सौभाग्य है कि पूज्य गुरुदेव जी महाराज का दर्शन करने का अवसर हम सभी को मिला है। *बसंत जहां आती है वहां प्रकृति खिल जाती है और संत जहां आते हैं वहां संस्कृति मुस्कुराती है।* उल्लेखनीय है कि अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान राजेश्री महन्त जी महाराज पलारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा में लाला वर्मा के घर जन्मोत्सव के कार्यक्रम में, जांजगीर में आशुतोष गोस्वामी जी एवं चापा में अजय अग्रवाल जी के परिवार जन से सौजन्य भेंट मुलाकात तथा ग्राम कुरियारी में जी आर कश्यप जी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में उनके साथ कमलेश सिंह, सुशांत सिंह, हर प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा कृष्णकांत सिंग सार्वा ,रज्जाक खान, भूषण ठेठवार, वरुण कहरा, सुशील साहू, शशिकांत सिंह, राकेश जी, मनोज मित्तल, राजेंद्र देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

# खेलो इंडिया यूथ गेम में आयुष ने जीता ब्रांज मेडल विधायक हरवंश ने घर पहुंचकर आयुष का किया सम्मान



## खेलो इंडिया यूथ गेम में आयुष ने जीता है ब्रांज मेडल 24 राज्य के 224 खिलाड़ियों ने लिया था प्रतिभाग

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर चांपा।** जिला मल्लखम्ब एसोसिएशन जांजगीर चाम्पा के तीन खिलाड़ियों बालक वर्ग में आयुष सिंह सिदार वहीं बालिका वर्ग में शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह ने भाग लिया। जिसमें आयुष को टीम चैम्पियनशीप में अपने श्रेष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्रांज मेडल प्राप्त हुआ। ज्ञात हो खेलो इंडिया यूथ गेम का सातवां संस्करण बिहार के बोधगया में 04 मई से 15 मई तक आयोजित रहा, जहां 28 प्रकार के खेल विधाओं में देश भर के 24 राज्य के 224 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लेकर अपने खेल का लोहा मनवाया।

आज पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने दोपहर तीन बजे खिलाड़ी आयुष के घर जाकर मिठाई, बुके और माला पहनाकर विजेता खिलाड़ी आयुष और डिम्पी सिंह का सम्मान किया। अपने स्थानीय विधायक को अपने घर आने पर खिलाड़ी और उनके अभिभावक ने प्रसन्नता जाहिर की है। विधायक हरबंश ने कहा कि ये खिलाड़ी हमारे पामगढ़ और जिले के गौरव हैं। उल्लेखनीय है कि अभी तक मल्लखम्ब के ये स्थानीय खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर में 54 मेडल अर्जित कर जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुके है। खिलाड़ियों के कोच पुष्कर दिनकर,प्रभात कुमार जांगड़े और अकलेश नारंग ने खिलाड़ियों के तैयारियों के बारे में बताया कि ये खिलाड़ी आगामी 19 मई से शुरू हो रहे खेलों इंडिया बीच गेम दमन दीव में अपना जौहार दिखाएंगे। जिसके लिए विधायक ने जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

# पिपरिया समाधान शिविर में 2329 आवेदनों का निराकरण




समवेत शिखर संवाददाता

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पिपरिया क्लस्टर के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें नौ ग्राम पंचायतेंकृपिपरिया, सिरी, पोड़ीकला, कुम्हारीदर्री, कोड़गार, अमझर, दुल्लापुर, जल्के एवं पंनगवा शामिल रहीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पवन सिंह,अध्यक्ष, जिला पंचायत कोरबा उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तुलाराम भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मरावी, जनपद सदस्यगण, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रताप मरावी, सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा और पसान,तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उपस्थित थे। शिविर में कुल 4343 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2329 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दी और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कोड़गार से जल्के तक सड़क निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने की बात कही । उन्होंने समस्त विभागों से कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण किया जाए, ताकि ग्रामीणजन को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा छात्र को जाति प्रमाण पत्र, तथा जनपद पंचायत द्वारा पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं जॉब कार्ड वितरित किए गए। मौके पर कई समस्याओं का समाधान कर जनता को राहत प्रदान की गई।

यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच को अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का परिचायक बना। ग्रामीणजनों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शासन का आभार प्रकट किया।

# जनप्रतिनिधियों ने 10वीं व 12वीं के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता



**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत 5वें दिन समाधान शिविर का आयोजन दुलदुला विकासखंड के ग्राम कस्तूरा में किया गया। इस शिविर में कस्तूरा क्लस्टर के कस्तूरा, बरपानी, चापाटोली, जामटोली, जामपानी, झरगांव ग्रामों के आवेदनों के निराकरण पर चर्चा की गयी। इस शिविर में कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष रामकुमार सिंह, एसडीएम नंद जी पांडे सहित सभी ग्रामों के सरपंच शामिल रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन को घर घर तक पहुंचाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान के लिए ग्रामीण सचिवालयों का भी अब निरन्तर संचालन किया जा रहा है। सचिवालयों में ग्रामीण अधिकारी जैसे पटवारी, सरपंच, सचिव आदि हफ्ते में एक बार बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि शासन द्वारा पीडीएस के माध्यम से विभिन्न मिनरल और पौष्टिक गुणों से भरपूर फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। जिसे कई लोगों के द्वारा उसे प्लास्टिक चावल के रूप में झूठे तौर पर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने ऐसा मिथ्या प्रचार करने वालों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा समाधान शिविर में विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर आये हितग्राहीमूलक योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों को समाग्री वितरण किया गया। जिसमें 05 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, हितग्राहियों को उच्च गुणवत्ता के बीज, 04 हितग्राहियों को नर्सरी जाल, 02 हितग्राहियों को आईस बॉक्स का वितरण किया गया।

# सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल हुई विधायक

## विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओ से अवगत होते हुए उनके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता




**पत्थलगांव।** पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुड़ेग मे आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर मे विधायक गोमती साय शामिल हुई उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्या जानते हुए उनका त्वरीय समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को उपकरण एवं सामग्रियों का वितरण किया, हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण की और नन्हे बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराई साथ ही गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत पोषित आहार का वितरण किया गया।

विधायक साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए लोगों के विकास के लिए हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़ सरकार गांव की अंतिम ग्रामीण तक पहुंच कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित हैं।

उक्त संवाद एवं समाधान के महापर्व मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय जी, जनपद अध्यक्ष धनियारो पराह, जिला मंत्री मनीष अग्रवाल, रोशन प्रताप सिंह, फिलिस्पिना एक्का, मण्डल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, शकुन्तला चौहान जगदीश यादव सुरेश यादव संजय अग्रवाल, विभिन्न जनपद सदस्य, सरपंच गण, साहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित सभी विभाग के पदाधिकारी और बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हो कर आज के महापर्व को सफल और सार्थक बनाए।

सुशासन तिहार ग्रामीणों के लिए एक ऐसा माध्यम बना है जिसमें एक ही छत के नीचे अगल अलग विभाग के स्टॉल लगाए जाते है और उस विभाग के अधिकारी वहां उपस्थित रह कर मौके पर ही ग्रामीणों के शिकायत व समस्याओं का शीघ्र ही समाधान करते है जिससे आम जानो को विभागीय कार्यालयों का बार बार चक्कर लगाना नहीं पड़ता है और वे सीधे ही शासन की योजनाओं तक पहुंच जाते है जिसका लाभ वो सरलता से ले रहे है।



# सुशासन तिहार : समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर एवं जिला सीईओ

## कलेक्टर ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता





**सक्ती।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज जिले के तीन स्थान नगर पालिका परिषद सक्ती, नगर पंचायत बाराद्वार, ग्राम पंचायत बड़ेसीपत में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम बड़ेसीपत में आयोजित शिविर का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने औचक निरीक्षण किया और विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। बड़ेसीपत में आयोजित शिविर में बरभांठा, नावापारा, नगझर, कुरदा, छपोरा, चारपारा, भड़ोरा, छोटेसीपत, बड़ेरबेली, भूतहा, अमेराडीह, भठोरा, पिहरीद से कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 60 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। और शेष 24 आवेदनों को निराकृत करने हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया।

कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्य किया गया, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पेशन स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराईज ट्राई सायकल वितरण किया गया। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।इस समाधान शिविर में विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, नायब तहसीलदार सुश्री झरना कश्यप, विकास विस्तार अधिकारी के. के. बरेठ, अनुविभागीय अधिकारी ज्ञानिकचंद जांगडे अनुविभागीय अधिकारी साथ-साथ बड़ेसीपत कलस्टर क्षेत्र के सरपंच/सचिव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला, कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सक्ती एवं नगर पंचायत बाराद्वार में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, नायब तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर के अवैध क्लिनिक को प्रशासन की टीम ने किया सील



समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुरनगर।** तहसीलदार से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील दुलदुला अंतर्गत ग्राम पंचायत कस्तूरा में इंद्र कुमार सिंह झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा जय गुरुदेव पैथोलॉजी एवं क्लिनिक का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था सुशासन तिहार समाधान शिविर 2025 का आयोजन 10 मई को ग्राम कस्तूरा क्लस्टर में किया गया था। समाधान शिविर में ग्रामीणों के द्वारा मौखिक शिकायत के आधार पर कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार तहसीलदार दुलदुला राहुल कौशिक नायब तहसीलदार दुलदुला राजेश यादव बीएमओ दुलदुला एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गई कार्यवाही पश्चात शिकायत सही पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उक्त अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील किया गया।